


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 254

ग्वालियर, शुक्रवार 03 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## लखनऊ पहुंचकर बोली प्रियंका गांधी वाड्रा : जब तक जीत नहीं होती, तब तक लड़ना होगा

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस में समीक्षा का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी नव संकल्प कार्यशाला में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा



कि जब तक जीत नहीं होती, तब तक लड़ना होगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने दो दिवसीय नव संकल्प कार्यशाला के मंच से उन्होंने कहा कि जी-जान से लड़ने के बावजूद पार्टी को हार मिली लेकिन मायूस होने का वक्त नहीं है, बल्कि दोगुनी ऊर्जा से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की हार हुई, ये एक सच्चाई है, जबकि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत ने पूरे देश के कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया था। हमें और गहराई से काम करने की जरूरत है। जनता से जुड़ने के लिए हमें और प्रयास करना होगा। सिर्फ राजनीतिक नहीं सामाजिक मसलों पर भी जनता से जुड़ाव बनाना होगा। इस समय भाजपा जिस तरफ देश के ले जा रही है यह वह देश नहीं है जिसके लिए महात्मा गाँधी, सरदार पटेल और डॉ.आंबेडकर ने लड़ाई लड़ी थी। हमें घर-घर जाकर लोगों को हकीकत बतानी होगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि 2014 तक देश की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही थी, लेकिन आज देश की बुरी हालत पूरी दुनिया देख रही है। युवाओं को जीत-धर्म के नाम पर बांटकर उनका भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हालात बदलने के लिए नई ऊर्जा से जुटना होगा, मैं उनके साथ दोगुनी ताकत से मेहनत करूंगी।

# भाजपा के हुए हार्दिक पटेल, सीआर पाटील ने भगवा पटका पहनाकर पार्टी में किया स्वागत

### कांग्रेस की पूर्व नेता और 2017 में मणीनगर सीट से उम्मीदवार रहीं श्वेता ब्रह्मभट्ट भी भाजपा में शामिल

**गांधीनगर।** कभी पीएम मोदी को तानाशा और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जनरल डायर कहने वाले कांग्रेस के पूर्व नेता हार्दिक पटेल आज भाजपा में शामिल हो गए गुजरात प्रदेश भाजपा मुख्यालय कमलम में प्रदेश प्रमुख सीआर पाटील ने हार्दिक पटेल को भगवा पटका और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने टोपी पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया हार्दिक पटेल से पहले कांग्रेस की पूर्व नेता श्वेता ब्रह्मभट्ट भी आज भाजपा में शामिल हो गईं भाजपा जॉइन करने से पहले हार्दिक पटेल ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा 'राष्ट्र हित, प्रदेश हित, जनहित एवं समाज हित की भावनाओं के साथ आज से नए अध्याय का प्रारंभ करने जा रहा हूँ।



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्र सेवा के भगीरथ कार्य में छोटा सा सिपाही बनकर काम करूँगा।' हार्दिक पटेल ने भाजपा जॉइन करने से पहले गांधीनगर के कोबा सर्कल से कमलम तक रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे रोज शो के बाद कमलम पहुंचे हार्दिक पटेल विधिवत भाजपा में शामिल हो गए हार्दिक पटेल से पहले कांग्रेस की पूर्व नेता श्वेता ब्रह्मभट्ट ने भी भाजपा जॉइन कर ली गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने श्वेता ब्रह्मभट्ट को भगवा पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया इस मौके पर श्वेता ने कहा कि मैंने अपना राजनीतिक जीवन स्वयं चुना है भाजपा कार्यकर्ताओं को काम करते देखा है और पीएम मोदी की पहले से प्रशंसक रही हूं मैं शिक्षित हूं और सक्रिय राजनीति में काम करना चाहती हूं भाजपा जॉइन करने के लिए मैंने ना तो कोई कमिटमेन्ट किया है और ना ही लिया है कांग्रेस छोड़ने के श्वेता ब्रह्मभट्ट ने कई कारण खासकर प्रबंधन की कमी सबसे बड़ा कारण बताया उन्होंने कहा कि मैंने भाजपा से विधायक पद की मांग नहीं की है गौरतलब है श्वेता ब्रह्मभट्ट वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में अहमदाबाद की मणीनगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थीं जहां भाजपा प्रत्याशी सुरेश पटेल के खिलाफ श्वेता ब्रह्मभट्ट चुनाव हार गई थीं कुछ समय पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राजभवन में श्वेता ब्रह्मभट्ट ने मुलाकात की थी।

### भाजपा में शामिल नहीं हुआ, घर वापसी की है : हार्दिक पटेल

**गांधीनगर।** गुजरात कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रमुख हार्दिक पटेल आज विधिवत भाजपा में हो गए7 गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख सीआर पाटील ने भगवा पटका और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल भगवा टोपी पहनाकर हार्दिक पटेल का पार्टी में स्वागत किया भाजपा की कभी कड़ी निंदा करने वाले हार्दिक पटेल ने इस मौके पर कहा कि वह भाजपा में शामिल नहीं हुए बल्कि घर वापसी की है7 मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए हार्दिक पटेल ने कहा कि 2015 में समाज हित की भावना से सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था और उसमें कई उतार चढ़ाव आए7 आखिरकार सरकार झुकी और आर्थिक आरक्षण दिया, जिसका मुझे संतोष है हार्दिक ने माना कि उन्होंने भाजपा गालियां दी हैं, अगर घर का बेटा माता-पिता से कोई मांग करता है तो उसमें गलत क्या है? मैंने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन कर अपनी मांगें रखी थीं आंदोलन भले ही सरकार के खिलाफ किया हो, लेकिन उसे पूर्ण सरकार ने ही किया है यह सही है कि मैं सत्ता के खिलाफ लड़ा हूं, चॉकलेट के लिए बेटे पिता से भी झगड़ते ही हैं7 कांग्रेस में अनुभव के सवाल पर हार्दिक पटेल ने कहा कि वहां भी जन सेवा के उद्देश्य से ही गया था, लेकिन वहां बतौर एक सैनिक का अधिकार नहीं मिला7 कांग्रेस की ओर से उन्हें कभी समर्थन नहीं मिला जबकि भाजपा से मेरे बहुत पुराने नाते हैं बता दें कि हार्दिक पटेल ने गुजरात में जब पाटीदार आरक्षण आंदोलन छेड़ा था, तब आनंदीबेन पटेल राज्य की मुख्यमंत्री थीं।

## दोषी मोहन चौहान को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा, बताया दुर्लभ मामला

**मुंबई।** साकीनाका रेप और मर्डर मामले में कोर्ट ने दोषी मोहन चौहन को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दुर्लभ मामला बताकर कहा कि इसतरह के मामलों में दोषी को कड़ी सजा देना जरूरी है।



राज्य सरकार ने कोर्ट से आरोपी को फंसी की सजा देने की मांग की थी। कोर्ट ने राज्य का निवेदन स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने पीड़िता की आंत को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया था जिससे उसका पाचन तंत्र पूरी तरह खराब हो गया था। आरोपी मोहन चौहान ने 32 साल की महिला के साथ अंधेरी के साकीनाका इलाके में दरिंदगी की हदें पार कर दी थीं।आरोपी मोहन चौहान ने महिला के साथ रेप कर फिर महिला के प्राइवेट में हथियार डालकर हत्या कर दी। आरोपी मोहन चौहान पेशे से ड्राइवर था। कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी तब वह पीड़ित पक्ष के वकीलों को गालियां भी देता था। सरकारी वकील ने तभी कहा था कि इसमें सुधार की गुंजाइस नहीं है। सोमवार को कोर्ट ने मोहन चौहान को रेप और मर्डर के मामले में दोषी करार दिया था। कोर्ट में जब दोषी से पूछा गया कि उसे कितनी सजा मिलनी चाहिए तो वह जोर-जोर से रोने लगा और आरोप लगाने लगा कि उसे इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। वहीं दोषी के वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला नहीं है क्योंकि घटना के बाद भी पीड़िता जिंदा थी और अच्छे इलाज से उसे बचाया जा सकता था। एक वॉचमैन ने महिला को घायल अवस्था में देखा था और इसके बाद पुलिस को जानकारी दी थी। इसके बाद पीड़िता को घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां एक दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल में मेडिकल जांच में पता चला था कि उसके प्राइवेट पार्ट में कुछ डाला गया है जिसकी वजह से आंतें फट गईं।



## इमरान खान बोले- पाक में शीघ्र नहीं हुआ चुनाव का ऐलान तो देश में छिड़ सकता है गृहयुद्ध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ पीएम इमरान खान इन दिनों वर्तमान शासक शहबाज शरीफ के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने आगाह किया है कि अगर नए सिरे से चुनाव की घोषणा नहीं की गई तो देश में गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। खबर के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अपनी पार्टी द्वारा दायर याचिका पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह चुनाव की मांग को लेकर एक और मार्च निकालने की जल्द घोषणा करेंगे। इमरान खान ने आगाह किया, 'हम देखेंगे कि क्या वे हमें कानूनी और संवैधानिक तरीकों से चुनाव कराने की अनुमति देते हैं या नहीं। ऐसा नहीं हुआ तो देश में गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।' खान ने कहा कि नेशनल असेंबली में लौटने का 'कोई सवाल ही नहीं उठता' क्योंकि ऐसा करने का मतलब होगा कि उन्होंने 'उस साजिश को स्वीकार कर लिया है', जिसके तहत उनकी सरकार को सत्ता से बाहर किया गया।

## अर्थशास्त्रियों के सर्वे में खुलासा, आरबीआई जल्द रेपो रेट बढ़ा सकता

### कोविड-19 के पूर्व स्तर तक ले जाना चाहता



मुंबई (ईएमएस)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) पिछले दो साल तक सस्ते कर्ज का तोहफा देने के बाद ताबड़तोड़ रेट बढ़ाने के मूड में दिख रहा है। सर्वे में कहा गया है कि आरबीआई साल 2022 में अनुमान से भी ज्यादा तेजी से रेपो रेट में वृद्धि कर सकता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गत 4 मई को चौंकाने वाली घोषणा कर रेपो रेट में अचानक 0.40 फीसदी की वृद्धि कर दी थी। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि इस साल और भी ऐसी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, क्योंकि आरबीआई जल्द रेपो रेट को कोविड पूर्व स्तर तक ले जाना चाहता है। इसकी सबसे बड़ी वजह बेतहाशा बढ़ती महंगाई है, जो अप्रैल में 7.79 फीसदी पहुंच गई है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक अगले सप्ताह 6 जून से शुरू हो रही है। वहीं 8 जून को इसके फैसले सामने आएंगे तब रेपो रेट में एक बार फिर बढ़ोतरी हो सकती है। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि केंद्रीय बैंक अगली चार एमपीसी बैठक के दौरान रेपो रेट में 1 फीसदी की वृद्धि कर सकता है। फिलहाल रेपो रेट 4.40 फीसदी है। 8 जून को इसमें 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी और की जा सकती है। अगली तिमाही तक रेपो रेट महामारी पूर्व लेवल पर पहुंच सकता है, जो 5.15 फीसदी रहने का अनुमान है। 2022 खत्म होते-होते रेपो रेट के 5.50 फीसदी पहुंचने का भी दावा किया जा रहा, जो मौजूदा लेवल से 1.10 फीसदी ज्यादा है। हालांकि, कुछ अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि रेपो रेट साल के आखिर तक इस लेवल को भी पार कर जाएगा। अर्थशास्त्री का कहना है कि रेपो रेट में बढ़ोतरी का सिलसिला इस महीने शुरू होकर अगले साल अप्रैल तक जाएगा। हाल में जारी जीडीपी के आंकड़ों से भी रेपो रेट में बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। एनएसओ ने 2021-22 में 8.7 फीसदी विकास दर बताई है, जो अनुमान से भी ज्यादा है। इसके बाद सुधारों को और गति देने के लिए आरबीआई महंगाई पर काबू पाने को रेपो रेट जरूर बढ़ाएगा। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि रेपो रेट का हाई लेवल 6 फीसदी से ज्यादा पहुंच सकता है। हालांकि, अन्य इकोनॉमिस्ट ने इसके 5.15 फीसदी से 6.5 फीसदी के बीच रहने का अनुमान लगाया है। सर्वे में शामिल एक तिहाई अर्थशास्त्रियों ने 2023 की दूसरी तिमाही तक रेपो रेट के पीक पर पहुंचने का अनुमान लगाया है, जबकि 6 लोगों का कहना है कि इसमें 2023 की पहली छमाही तक का समय लग सकता है।

## खास खबर

### रूस ले जाए गए देश के लोगों में दो लाख बच्चे भी शामिल

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बलपूर्वक रूस ले जाए गए देश के लोगों में दो लाख बच्चे भी शामिल हैं। इसमें अनाथालय से ले जाए गए, माता पिता के साथ ले गए और अपने परिवारों से अलग हो गए बच्चे शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा, इस अपराधिक नीति का मकसद लोगों की चोरी करना भर नहीं है बल्कि ले जाए लोगों की यूक्रेन की यादों को मिटाना है और उन्हें लौटने के काबिल नहीं छोड़ना है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन दोषियों को दंडित करेगा लेकिन पहले वह रूस को युद्ध के मैदान में दिखा देगा कि ''यूक्रेन को जीता नहीं जा सकता, हमारे लोग आत्मसमर्पण नहीं करने वाले हैं, और हमारे बच्चे आक्रमणकारियों की संपत्ति नहीं बनने वाले हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि रूस से कब्जे वाले इलाकों में युद्ध में अब तक 243 बच्चे मारे गए हैं, 446 घायल हुए हैं, और 139 बच्चे लापता हैं। उन्होंने कहा कि यह संख्या अधिक भी हो सकती है, क्योंकि रूसी सैनिकों के कब्जे वाले इलाकों की स्पष्ट स्थिति के बारे में उनकी सरकार को जानकारी नहीं है। उन्होंने 11 बच्चों के नामों का जिक्र कर उनकी मौत के बारे में जानकारी दी।

### अमेरिका में ओक्लाहोमा के अस्पताल में गोलीबारी, बंदूकधारी हमलावर समेत 5 मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ओक्लाहोमा के तुलसा स्थित एक अस्पताल में हुई गोलीबारी में हमलावर सहित पांच लोग मारे गए हैं। पुलिस ने तुलसा में सेंट फ्रांसिस अस्पताल परिसर में गोलीबारी की घटना की पुष्टि की है। पुलिस विभाग के उप प्रमुख एरिक डगलिश ने कहा, हमने गोलीबारी की घटना में चार नागरिकों को खो दिया। इसमें गोलीबारी करने वाला भी मारा गया। पुलिस ने बताया कि घटना के समय संदिग्ध के पास एक लंबी राइफल और एक हैंड गन थी। अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध एक अश्वेत पुरुष था, जिसकी उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच हो सकती है। उधर, तुलसा नगर पार्षद जयमे फाउलर ने स्थानीय टेलीविजन चैनल केओटीवी को बताया कि संदिग्ध ने खुद को मार ली। वहीं इससे कुछ दिन पहले अमेरिकी राज्य टेक्सास में एक 18 वर्षीय युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग करके 21 लोगों की जान ने ली थी। यह हमला युवाल्डे में रॉब एलिमेंट्री स्कूल में हुआ था और इस फायरिंग में 18 छात्रों और 3 टीचर की मौत हो गई थी।

### रूस ने यूक्रेन के ल्वीव पर मिसाइल से किया हमला, 5 लोग घायल

**ल्वीव।** रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव में एक प्रमुख रेल मार्ग को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमला किया, जिसमें 5 लोग घायल हो गए। ल्वीव के गवर्नर मैक्सिम कोज़ित्स्की ने इसकी पुष्टि की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शीघ्र देंगे। गृह मंत्रालय में सलाहकार एंटोन गेराशचेंको ने बताया कि रूसियों ने एक प्रमुख रेल संपर्क को तोड़ कर हथियारों तथा ईंधन की आपूर्ति बाधित करने के लिए कारपैथी पर्वत में बेस्कीडी रेलवे सुरंग पर मिसाइल हमला किया। यूक्रेन के रेलवे प्रमुख ने बताया कि रेलमार्ग को हुए नुकसान का अभी आकलन किया जा रहा है और सुरंग को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। खबरों के अनुसार, मिसाइल हमले के कारण तीन यात्री ट्रेन सेवाओं में विलंब हुआ, हालांकि बाद में वे अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गईं।

# कश्मीर घाटी में टार्गेट किलिंग में आज बड़ी बैठक करने जा रहे गृहमंत्री अमित शाह

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित कई बड़े अधिकारी शामिल होने वाले

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में टार्गेट किलिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कुलगाम जिले में आतंकवादियों ने गुरुवार को एक बैंक में घुसकर बैंक मैनेजर विजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आतंकवादी ने नाम पूछने के बाद बैंक मैनेजर विजय कुमार को गोली मारकर भाग गया। बैंक से जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है उसमें दिखाई दे रहा है कि कैसे आतंकवादी गोली मारकर तुरंत भाग गया। बताया जा रहा है कि बैंक मैनेजर विजय कुमार राजस्थान के रहने वाले थे। गोली लगने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था तब उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कश्मीर में अभी बुधवार को ही एक स्कूल टीचर रजनी बाला की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी और आज बैंक मैनेजर विजय कुमार की हत्या कर दी। इससे घाटी में कश्मीरी पंडितों के बीच भय का माहौल और बढ़ गया है।

बता दें कि 12 मई को सरकारी कर्मचारी राहुल भट की हत्या के बाद से ही कश्मीरी पंडित



समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर सुरक्षित जगह ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। रजनी बाला और अब विजय कुमार की हत्या के बाद यह आंदोलन और तेज हो गया है। इस बीच, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना ने कहा है कि पाकिस्तान की चाल कश्मीर को अफगानिस्तान बनाने की है ताकि यहां भय का माहौल हो जाए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी चाहे पाताल में छिप जाएं लेकिन ढूँढ़-ढूँढ़कर उनका सफाया किया जाएगा। रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में विकास की जो बयार बह रही है वह पाकिस्तान को पच नहीं रही है। रैना ने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ कश्मीरी हिंदुओं का ही नहीं बल्कि कश्मीरी मुसलमानों का भी दुश्मन है क्योंकि टार्गेट किलिंग के शिकार मुस्लिम भी हो रहे हैं। इस बीच, खबर है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने वाले हैं। आतंकवादियों द्वारा घाटी में लक्षित हत्याओं को अंजाम दिए जाने के बीच 15 दिन से भी कम समय में इस तरह की यह दूसरी बैठक होगी। अधिकारियों ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेने वाले हैं। बैठक में कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा की व्यवस्था का जायजा लिए जाने की भी उम्मीद है।

## जम्मू कश्मीर के शोपियां में वाहन में धमाका, 3 जवान घायल

### आईईडी विस्फोट की आशंका

**श्रीनगर)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां इलाके में एक निजी वाहन में जोरदार विस्फोट के बाद समसनी फैल गई। धमाके में सेना के 3 जवान घायल हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये घटना शोपियां जिले के सेडो की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस गाड़ी में ये धमाका हुआ है उसे किराए पर ली गई थी। ये ब्लास्ट कैसे हुआ इसकी जांच चल रही ही। सुरक्षा एजेंसियों को इस बात की आशंका कि पहले से ही गाड़ी के अदंर आईईडी फिट किए गए थे। हालांकि ग्रेनेड बलास्ट की भी बात की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि विस्फोट किस वजह से हुआ इसकी जांच की जा रही है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में ही बुधवार को आतंकवादियों ने एक नागरिक



को उसके घर के पास गोली मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना जिले के कीगम स्थित फारूक अहमद शेख आवास के पास रात लगभग 8¬45 बजे हुई। उन्होंने कहा कि घायल को नजदीकी पुलवामा अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति पर चर्चा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 15 दिन से भी कम समय में इस तरह की ये दूसरी बैठक होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान अमरनाथ यात्रा की व्यवस्था का जायजा लिए जाने की भी उम्मीद है। घाटी में पिछले एक महीने से आतंकी कश्मीरी पंडितों को लगातार निशाना बना रहे हैं। मंगलवार को कुलगाम में जम्मू क्षेत्र के सांबा जिले की रहने वाली एक महिला शिक्षक को गोली मार दी गई। 18 मई को, आतंकवादियों ने बारामूला में एक शराब की दुकान में घुस कर एक ग्रेनेड फेंका था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 24 मई को श्रीनगर में एक पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी की उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## दुनिया का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार अगर कोई है, तो वहां गांधी परिवार : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि ''गांधी परिवार' भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा ''भ्रष्टाचारी परिवार'' है और कहा कि यह उनका जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है कि वे भ्रष्टाचार करें और जांच एजेंसियां उन्हें कानून के मुताबिक जांच के लिए भी नहीं बुला सकतीं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर पलटवार करते हुए यह आरोप लगाए।

कांग्रेस ने कहा है कि वह ''राजनीतिक बदले की भावना'' से की गई कार्रवाई के खिलाफ झुकने वाली नहीं है। भाटिया ने पलटवार में कहा कि ''भ्रष्ट'' लोगों को कानून का भय होना ही चाहिए। राजनीतिक बदले की कार्रवाई के कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ना ही किसी उच्च न्यायालय और ना ही उच्चतम न्यायालय ने इस आधार पर कोई भी मामला समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि वह चाहे सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी हों, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून सबके लिए बराबर है। कांग्रेस द्वारा केंद्रीय एजेंसियों पर मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी नेताओं को



निशाना बनाने के आरोपों पर भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में तो जांच एजेंसियों के प्रमुखों को तलब कर लिया जाता था और उनकी रिपोर्ट बदलवा दी जाती थी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के राज में भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जाती थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को देश को बताना चाहिए कि सोनिया और राहुल गांधी दोनों भ्रष्टाचार के एक मामले (नेशनल हेराल्ड) में जमानत पर हैं, जबकि सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जमीन घोटाले में अग्रिम जमानत पर हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### अपने दोस्त की शादी के लिए बहरीन पहुंचे राहुल ने साझा की तस्वीरें

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल अपने एक दोस्त की शादी के लिए बहरीन पहुंचे। राहुल ने अपने दोस्त डेविड कीलन मथियास की शादी की कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। मथियास भी कर्नाटक के ही हैं और राहुल के साथ अंडर-15 क्रिकेट खेले हैं। इसके अलावा वह कर्नाटक राज्य टीम के भी सदस्य रहे पर बाद में बहरीन चले गये। मथियास ने वहां भी क्रिकेट खेलना जारी रखा है। राहुल ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें राहुल क साथ ही मथियास और उनकी मंगेतर कल्याणी देसाई भी नजर आ रही हैं। राहुल ने इन दोनो की शादी की रस्मों में भी शामिल रहे। उन्होंने साथ ही लिखा, 'भाई जैसे दोस्त की शादी' इस पर उनकी गर्लफ्रेंड आथिया शेट्टी ने भी कमेंट कर एक इमोजी साझा की है। इस पोस्ट को 1 घंटे में ही 3.2 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक किया है। मथियास ने भी इसी साल फरवरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

### बरेतो के साथ करार किया

**चेन्नई** । चेन्नईयिन एफसी फुटबॉल क्लब ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के लिए विंसी बरेतो को अपनी टीम के साथ जोड़ा है। बरेतो ने पिछले सत्र में केरला ब्लास्टर्स की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था। उसी कारण इस खिलाड़ी से चेन्नईयिन ने करार किया है। पिछली बार केरला ब्लास्टर्स की उप विजेता रहा था ओर टूर्नामेंट में बरेतो ने 17 मैचों में दो गोल किये थे। बाईस साल के इस फुटबॉलर ने कहा, ''मैं चेन्नईयिन एफसी से जुड़कर काफी उत्साहित हूं। मेरा लक्ष्य क्लब को जीत दिलाना रहेगाहै।'' चेन्नईयिन ने कहा है कि बरेतो के आने से टीम बेहतर होगी। उन्हें अपनी टीम में शामिल कर हमें खुशी हुई है।

### विश्व कप में ही हों टी20 मुकाबले : शास्त्री

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री के अनुसार टी20 प्रारूप के मुकाबले केवल विश्व कप में ही होने चाहिये क्योंकि द्विपक्षीय श्रृंखलाओं का कोई खास प्रभाव नहीं रहा है। माना जा रहा कि शास्त्री ने यह बात भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला को लेकर कही है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय क्रिकेट मुकाबलों को कोई याद तक नहीं रखता। शास्त्री के अनुसार खेल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए छोटे प्रारूप में खेलने का सबसे अच्छा तरीका हर दो साल में एक टी20 विश्व कप का आयोजन रहेगा। शास्त्री ने कहा, ''टी20 में काफी द्विपक्षीय क्रिकेट हो रहा है। मैंने यह पहले भी कहा है, यहां तक कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब भी। यह मेरे सामने भी हो रहा था।।

### भारतीय हॉकी टीम ने जापान को हराकर एशिया कप में कांस्य जीता

**जकार्ता** । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हुए एशिया कप में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता है। बीरेंदर लाकड़ा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए जापान को 1-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम की ओर से एकमात्र गोल राजकुमार पाल ने छठे मिनट में किया। हाफ टाइम तक भारत ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली थी जो अंत तक बनी रही। इस मैच में जापान को भी सात पेनल्टी कॉर्नर मिले पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी।

## राष्ट्रीय कैडेट एवं सब-जूनियर टेबल टेनिस स्पर्धा

# दिनेश, प्रियानुज, सथ्यनारायण बने राष्ट्रीय विजेता

**इन्दौर** । टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित 83वीं राष्ट्रीय कैडेट एवं सब-जूनियर टेबल टेनिस स्पर्धा में बालक वर्ग के विभिन्न आयु वर्गों में के.सथ्यानारायण (टी.टी.टी.ए), टी.दिनेश (कर्नाटक), प्रियानुज भटटा्चार्य (असम) राष्ट्रीय विजेता बने।




अभय प्रशाल में खेली गई राष्ट्रीय स्पर्धा में बालको के अंडर-11 आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में के. सथ्यनारायण (टी.टी.टी.ए.) ने आदित्य दास (बंगाल) को 12-10, 8-11, 11-9, 7-11, 11-7 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफायनल में सथ्यनारायण ने समद्ध भटटा्चार्य (बंगाल) को 3-1 से व आदित्य दास (बंगाल) ने आकाश राजावेलु (टी.एन.टी.टी.ए) को 3-1 से पराजित किया। बालक अंडर-13 आयु वर्ग का खिताब दिनेश टेशुब (कर्नाटक) ने आर्य कटारिया (गुजरात) को 12-10, 11-5, 8-11, 11-6, 11-8 से पराजित कर अर्जित किया। सेमीफायनल में दिनेश ने धनंजय सिंह ठाकुर (पी.एस.पी.बी) को 4-0 से व आर्य कटारिया (गुजरात) ने विशाल गर्ग (चंडीगढ) को 4-1 से हराया। बालक अंडर-15 आयु वर्ग के फायनल मुकाबले में प्रियानुज भाटटा्चार्य (असम) ने नमन भटनागर (हिमाचल प्रदेश) को 11-8, 11-6, 5-11, 8-11, 11-5, 11-8 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। सेमीफायनल में प्रियानुज ने नेईल मुले (महाराष्ट्र) को 4-2 से व नमन भटनागर ने मुत्थू राजशेखरन (टी.एन.टी.टी.ए) को 4-2 से परास्त किया। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण बी.एस.एन.एल. इंदौर के प्रधान महाप्रबंधक संजीव सिंघल के मुख्य आतिथ्य व मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर म.प्र. टेबल टेनिस संगठन महासचिव जयेश आचार्य, एस.रमन, एन.गणेशन, प्रमोद गंगराडे, नीलेश वेद रिंकू आचार्य, सतबीर सिंह, गौरव पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण के दौरान जयेश आचार्य को एक्सीलेंस आवार्ड से सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र शर्मा ने किया व आभार अमित कोटिया ने व्यक्त किया।

## जया संग शादी के बंधन में बंधे दीपक चाहर

**आगरा** । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज दीपक चाहर बुधवार शाम यहां अपने प्रेमिका जया भारद्वाज के साथ शादी के बंधन में बंधे। चाहर और जया एक भव्य समारोह में जेपी पैलेस में विवाह बंधन में बंधे , शादी में परिजनों के अलावा रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। वहीं इससे पहले हुए संगीत समारोह में चाहर और जया जमकर नाचे। दीपक ने जया को पिछले साल आईपीएल के दौरान शादी के लिए स्टेडियम में ही प्रपोज किया था जिसे जया ने स्वीकार कर लिया था। जया बिग बॉस में शामिल प्रतियोगी सिद्धार्थ भारद्वाज की बहन हैं। शादी में दीपक ने सफेद रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी। बैंड-बाजे की धुन पर दीपक के भाई और क्रिकेटर राहुल चाहर और बहन मालती चाहर ने जमकर डांस किया।

## टी-20 सीरीज के लिए भारत आई दक्षिण अफ्रीकी की टीम

**नई दिल्ली** । भारत के साथ 9 जून से होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंची। वहीं आईपीएल में भाग लेने के कारण भारत में ही रहे तीन क्रिकेटर क्विंटन डिकॉक, डेविड मिलर और कगिसो रबाडा भी इस टीम से जुड़ जाएंगे। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी युवा बल्लेबाज लोकेश राहुल करेंगे। टीमें में कई युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिया जाएगा। वहीं इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका भी कई युवा खिलाड़ियों को अवसर दे रही है। इसमें एक खिलाड़ी ट्रिस्टियन स्टब्स भी शामिल हैं। स्टब्स ने आईपीएल के इस सत्र में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेला था हालांकि वह विफल रहे थे। वहीं अब उनकी नजरें भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन की रहेंगी। टीम ने पिछले 12 टी20 जीते हैं। ऐसे अगर वह पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका को हरा देती है, तो लगातार सबसे अधिक टी20 मैच जीतने वाली टीम बन जाएगी। भारत ने पिछली तीनों टी20 सीरीज में सभी मैच जीते थे। तब भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड , वेस्टइंडीज और श्रीलंका को हराया था। भारत के अलावा अफगानिस्तान और रोमानिया ने भी लगातार 12 टी20 मुकाबले जीते हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावूमा ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज से टीम को अपनी तैयारियां बेहतर करने का समय मिलेगा। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को विश्व रिकॉर्ड बनाने से रोकना रहेगा। आईपीएल में दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाड़ियों क्विंटन डिकॉक, डेविड मिलर आदि का प्रदर्शन अच्छा था जिसका भी लाभ उसे मिलेगा क्योंकि ये खिलाड़ी अभी लय में हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम इस प्रकार है ़ टेम्बा बावूमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडी, एनरिक नोर्खिया, वेन पार्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टियन स्टब्स, रासी वान डेर डुसन और, मार्को यानसेन।


लंदन में अर्जेंटीना के लियोनना मैसी ट्राफी के साथ उत्साहित होते हुए।



ग्लासगो म फुटबॉल मैच के बाद यूक्रेनी प्रशंसक अपने देश का झंडा उठाकर रूस का विरोध करते हुए।

## कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के लिए मनीष पांडे को कप्तान बनाया

**मुम्बई** । कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ होने वाले रणजी ट्राफी के लिए अहम मुकाबले के लिए बल्लेबाज मनीष पांडे को कप्तान बनाया है क्योंकि लोकेश राहुल और और प्रसिद्ध कृष्णा राष्ट्रीय टीम में खेलने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं रहेंगे। 20 सदस्यीय कर्नाटक की टीम में मयंक अग्रवाल और करुण नायर को भी शामिल किया गया है।

इससे पहले कर्नाटक की टीम एलीट ग्रुप सी में पहले पायदान पर रही थी। टीम ने दो मुकाबले जीते थे और एक मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। कर्नाटक टीम में वी कौशिक की वापसी हुई है। स्पिनर के तौर पर टीम के पास कृष्णप्पा गौतम, श्रेयस गोपाल, जगदीश सुचित और केसी करियप्पा रहेंगे। कर्नाटक की चयन समिति के प्रमुख फजल खलील ने कहा कि हमें उम्मीद है कि टीम 9वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतेगी। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस बार राहुल और कृष्णा जैसे खिलाड़ी नहीं हैं पर इसके बाद भी टीम को अपनी जीत का भरोसा है।

क्वार्टरफाइनल के लिए कर्नाटक की टीम हैः मनीष पांडे (कप्तान), समर्थ आर (उप कप्तान), मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, सिद्धार्थ केवी, निश्चल डी, शरथ श्रीनिवास (विकेटकीपर), शरत बीआर (विकेटकीपर), श्रेयस गोपाल, कृष्णप्पा गौतम, शुभांग हेगड़े, जे सुचित, केसी करियप्पा, रोनित मोरे, वी कौशिक, वैशाख विजयकुमार, एम वेंकटेश, विद्वत कावेरप्पा और किशन एस बेदारे।

## व्यापार न्यूज

### रुपया शुरुआती कारोबार में 12 पैसा टूटा

**मुंबई** । वैश्विक बाजार में मजबूत होते जा रहे अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे की कमजोरी के साथ 77.62 रुपया प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 77.61 के भाव पर खुला लेकिन थोड़ी ही देर में वह 77.62 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपए में 12 पैसे की गिरावट देखी गई। बुधवार को रुपया अपनी ऐतिहासिक गिरावट से उबरकर 21 पैसे की मजबूती के साथ 77.50 के भाव पर बंद हुआ था। जानकारों ने कहा कि भारतीय मुद्रा की स्थिति में गिरावट डॉलर को विदेशों में मिल रही मजबूती और ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल का असर है। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 102.55 पर पहुंच गया।

### इरडा ने स्वास्थ्य, साधारण बीमा उत्पादों के लिए मंजूरी नियमों में ढील दी

**नई दिल्ली** । भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य और ज्यादातर साधारण बीमा उत्पादों की पेशकश उसकी (इरडा) मंजूरी के बिना करने की अनुमति दे दी है। इस कदम से कारोबार सुगमता की स्थिति में सुधार होगा। साथ ही बीमा कंपनियां बिना नियामक की मंजूरी के ग्राहकों को अपने उत्पादों की पेशकश कर सकेंगी। इरडा ने भारत को पूरी तरह बीमा के तहत लाने के लिए सभी स्वास्थ्य और लगभग सभी साधारण बीमा उत्पादों के लिए यूज एंड फाइल प्रक्रिया में बदलाव किया है। भारात को पूरी तरह बीमा के तहत लाने के सुधार उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। इरडा ने कहा ?कि यह बीमा क्षेत्र में कारोबार सुगमता की दिशा में एक कदम है। मौजूदा व्यवस्था में उत्पादों को ऐसी व्यवस्था में पेश करने के लिए पूर्व-स्वीकृति की आवश्यकता होती है, जबकि इन्हें बिना पूर्व-मंजूरी के पेश किया जा सकता है। बीमा नियामक ने कहा इस पहल से बीमा उद्योग उपयुक्त उत्पादों को समय पर पेश करने में सक्षम होंगे।

### महंगे होंगे एयरटेल, जियो और वीडियोकान आईडिया के रिचार्ज प्लान, बढ़ेगा खर्च

**नई दिल्ली** । टेलीकॉम कंपनियां जल्द ही कंज्यूमर्स को एक और झटका दे सकती हैं। खबर है कि कंपनियां प्रीपेड टैरिफ की कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं। देश की तीन बड़ी टेलीकॉम कंपनियां जियो, एयरटेल और वोडाफोन आईडिया एक बार फिर टैरिफ हाइक कर सकती हैं। इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में कंपनियां टैरिफ हाइक करेंगी, जिससे वह अगले वित्तीय वर्ष में अपना राजस्व 20 से 25 फीसदी बढ़ा सकें। इससे पहले एयरटेल के सीईओ गोपाल विट्ठल ने भी ऐसा ही हिंट दिया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिसर्च फर्म के मुताबिक, किसी इंडस्ट्री के लिए एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) में ग्रोथ जरूरी है, जिससे वह नेटवर्क और स्पेक्ट्रम में इन्वेस्ट कर सकें। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं, तो यूजर्स को खराब सर्विस मिलेगी। कई सालों तक जियो की लो-प्राइसिंग कम्पटीशन से जूझने के बाद पिछले कुछ सालों से कंपनियों ने टैरिफ हाइक करना शुरू कर दिया है। टेलीकॉम कंपनियों ने दिसंबर 2019 में अपने प्रीपेड रिचार्ज प्लान महंगे करने शुरू किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार तीनों टेलीकॉम प्लेयर्स के रेवेन्यू में 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी इस साल होने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनियों के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर में 5 फीसदी की ग्रोथ हुई थी। इस साल कंपनियां ग्रोथ को 15 से 20 फीसदी रखने की कोशिश करेंगी। कंपनियां इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में अपने प्लान्स के दाम बढ़ा सकती हैं। एयरटेल पहले ही प्राइस हाइक का हिंट दे चुका है। कंपनी के सीईओ गोपाल विट्ठल ने प्लान्स की कीमत पर कहा था कि हमें इस साल भी टैरिफ हाइक के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया था कि अभी टैरिफ प्राइस कम है। एयरटेल ने एआरपीयू का टॉरगेट 200 रुपये रखा है।

## सेंसेक्स 246 अंक गिरा, निफ्टी में भी सुस्ती

**मुंबई** । एशियाई बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 246 अंक गिर गया। तीस शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 246.06 अंक की गिरावट के साथ 55,135.11 अंक पर खिसक आया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 79.7 अंक कमजोर होकर 16,443.05 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावरग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी लिमिटेड में सर्वाधिक



गिरावट देखी गई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इंडसइंड बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे थे। एशिया के अन्य बाजारों में टोक्यो, हांगकांग और सोल के सूचकांक गिरावट पर कारोबार कर रहे थे जबकि शंघाई बाजार में लाभ की स्थिति देखी गई। अमेरिका में शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुए थे। सेंसेक्स बुधवार को 185.24 अंक नुकसान के साथ 55,381.17 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 61.80 अंक गिरकर 16,522.75 अंक पर रहा था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.56 प्रतिशत गिरकर 114.48 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को भारतीय शेयर बाजारों से 1,930.16 करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की। इस तरह विदेशी निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी है।

## अडानी ने एग्रीकल्चरल ड्रोन बनाने स्टार्टअप कंपनी से किया समझौता

**नई दिल्ली** । सीमेंट कारोबार में प्रवेश करने के बाद देश के प्रमुख उद्योगपतियों में शुमार गौतम अडानी ने एक नए सेक्टर में कदम रखा है। उन्होंने अब अपने नए कारोबार के तहत एग्रीकल्चरल ड्रोन बनाने का फैसला किया है। इसके लिए उन्होंने स्टार्टअप कंपनी जनरल एयरोनॉटिक्स के साथ समझौता किया है। बताया जा रहा है कि गौतम अडानी जनरल एयरोनॉटिक्स की 50 फीसदी हिस्सेदारी की खरीद करेंगे। हालांकि, यह सौदा कितने में हुआ है, इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। वर्तमान में ड्रोन के इस्तेमाल और उसकी उपयोगिता को लेकर केंद्र सरकार काफी उत्साहित नजर आ रही है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार ने ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2021 को नई ड्रोन नीति बनाई है। उसके बाद से लगातार सरकार ड्रोन की उपयोगिता बढ़ाने को लेकर प्रयास कर रही है। अब अडानी के इस कारोबार में कदम रखने के बाद इस सेक्टर में तेजी आ सकती है।

### व्हाट्सएप ने अप्रैल में 16 लाख से अधिक यूजर्स के खाते बंद किए

**नई दिल्ली** । मोबाइल के जरिये संदेश आदान-प्रदान करने के मंच व्हॉट्सएप ने ऐप पर नुकसानदायक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अप्रैल में भारतीय उपयोगकर्ताओं के 16 लाख से अधिक खातों को बंद कर दिया है। व्हॉट्सएप ने मासिक खुलासा रिपोर्ट में कहा कि कंपनी ने ऐप पर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिये उपयोगकर्ताओं की शिकायत के आधार पर 16.66 लाख खातों को प्रतिबंधित कर दिया है। व्हॉट्सएप की नीति के अनुसार ऐप उस स्थिति में खातों को बंद करता है, जब उसे लगता है कि उपयोगकर्ता की गतिविधियां सही नहीं है।

## जन औषधि केंद्रों ने मई में पहली बार 100 करोड़ से अधिक की बिक्री की

**नई दिल्ली** । सस्ती मेडिसिन उपलब्ध कराने वाले जन औषधि केंद्रों ने मई में पहली बार 100 करोड़ से अधिक की बिक्री का आंकड़ा पार किया है। जन औषधि की दुकानों में 1,600 से अधिक जेनेरिक दवाइयां, 250 सर्जिकल डिवाइसेज़ समेत अन्य प्रोडक्ट बेचे जाते हैं। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) के जरिए सस्ते दामों में जेनरिक दवाएं बेचती है। फिलहाल देश के 739 जिलों में 8,735 जन औषधि केंद्र हैं।

सरकार सस्ती कीमतों पर लोगों को क्वालिटी वाली दवाएं उपलब्ध कराने के लिए मार्च 2024 तक इनकी संख्या 10,000 तक बढ़ाना चाहती है। इन केंद्रों को फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) चलाता है। इन केंद्रों में दवाइयों, सर्जिकल डिवाइसों के अलावा न्यूट्रास्युटिकल्स, आयुष प्रोडक्ट्स और एक रुपये में बिकने वाली सुविधा सैनिटरी पैड आदि बेचे जाते हैं। केमिकल एंड फर्जिलाइजर मिनिस्ट्री के अंतर्गत ये केंद्र प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत संचालित होते हैं।

आम लोगों पर से दवाओं के खर्च का बोझ कम करने के लिए मोदी सरकार ने 2015 में इस प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग की थी। शुरुआती साल में पीएमबीआई ने सालाना 8 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की थी। सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, जन औषधि केंद्रों ने पिछले महीने यानी मई में 100 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज की है। वहीं, पिछले साल मई 2021 में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान जन औषधि केंद्रों में कुल 83।77 करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी।

सस्ते दामों पर ये जेनरिक दवाएं खरीदने से लोगों को करीब 600 करोड़ रुपए की बचत हुई है। सरकार ने कहा कि वह इस योजना के जरिए लोगों का दवाओं पर होने वाले खर्च को घटाने में सक्षम हुई है। सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत, देश के 406 जिलों के 3,579 ब्लॉक में जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन भी मंगाए हैं। इससे देश के अधिकतम लोग सस्ती जेनरिक

## ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 2 महीने के सबसे ऊंचे स्तर 124 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंची

**नई दिल्ली** । रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 2 महीने में सबसे ऊंचे स्तर 124 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बुधवार को भी इसकी कीमत 121 डॉलर प्रति बैरल के करीब रही । इसके साथ ही करीब 85 प्रतिशत तेल के आयात पर निर्भर भारत का ऑयल इम्पोर्ट बिल फिर बढ़ रहा है और महंगाई के मोर्चे पर चुनौती बढ़ी हो रही है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच यूरोपियन यूनियन के सदस्य देशों ने रूस से दो-तिहाई से ज्यादा कच्चे तेल के आयात पर प्रतिबन्ध लगाने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अंतराष्ट्रीय तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत मंगलवार को 124 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गयी जो पिछले दो महीनों में सबसे ज्यादा है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम प्लानिंग और अनालिसिस सेल के ताढ़ा आंकढ़ों के मुताबिक 31 मई, 2022 को कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत बढ़कर 118.31 प्रति बैरल पहुंच गयी। इसके साथ ही मई महीने में कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की औसत कीमत 109.51 प्रति बैरल पर पहुंच गयी। अप्रैल में कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की औसत कीमत 102.97 प्रति बैरल थी। जाहिर है, बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने की कोशिश में जुटी भारत सरकार की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। मंगलवार को 2021-22 की चौथी तिमाही में जीडीपी की विकास दर गिर कर 4.1त्न रह गयी। अब भारत सरकार में महंगे होते कच्चे तेल को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल के इंडियन बास्केट की कीमत फिर .120 की तरफ बढ़ रही है देश में महंगाई दर ऊंची बनी रहेगी क्योंकि इंपोर्ट प्राइस प्रेशर बढ़ रहा है। रूस यूक्रेन युद्ध खत्म होने के आसार नहीं दिखाई दे रहे और आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चा तेल और महंगा होकर 130 से .140 प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। इस बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए भारत को ईरान और रूस से सस्ते दरों पर कच्चा तेल का आयात बड़ी मात्रा में करने की कोशिश जल्दी तेज करनी होगी।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत के लिए ये एक बेहद चिंता की बात है। यूक्रेन युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमत 130 से 140 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। भारत को ईरान से क्रूड आयल पहले के बार्टर सिस्टम के तहत रुपये में आयात करने पर बातचीत शुरू करनी चाहिए। रूस से भी भारत को सस्ता डिस्काउंटेड तेल का आयात जल्दी बढ़ाना होगा। बताते चलें कि पिछले ही महीने भारत सरकार और कुछ राज्य सरकारों ने पेट्रोल-डीढ़ल की कीमतों को नियंत्रित काने के लिए उनपर एक्साइज ड्यूटी घटाया था। लेकिन इसके बावजूद पेट्रोल और डीजल पर टैक्स का हिस्सा अब भी ज्यादा है।

इधर बुधवार को इंडियन ऑयल ने एक रिपोर्ट जारी कर कहा कि 1 जून को दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72/लीटर थी। इसमें भारत सरकार द्वारा लगाए जाने वाले एक्साइज ड्यूटी का हिस्सा 19.90 रुपया प्रति लीटर और दिल्ली सरकार के VAT का हिस्सा 15.71 रुपया प्रति लीटर था। दिल्ली में प्रति लीटर पेट्रोल पर टैक्स का हिस्सा 35.61 रुपया प्रति लीटर था यानी 36.81प्रतिशत।

# शोर्ट वीडियोस के बाद अब फिल्मों में नजर आयेगी निशा गुरगैन



टिकटॉक सुपरस्टार निशा गुरगैन इन दिनों चर्चा में हैं. खबर है कि निशा बहुत जल्द शोर्ट वीडियोस के बाद अब फिल्मों में नजर आने वाली हैं. जी हां खबर है कि अब निशा के जीवन की कहानी पर बायोपिक बनने जा रही है. फिल्म का प्रोडक्शन देख रही कंपनी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि ये फिल्म नवंबर 2021 में फ्लोर पर जाने वाली है. इतना ही नहीं फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट को भी साइन कर लिया गया है. प्रोडक्शन का कहना है कि इस बायोपिक में निशा अपना किरदार खुद निभाने वाली हैं. इस फिल्म के लिए फिल्म की टीम ने महेश मांजरेकर को साइन कर लिया गया है. वहीं इस फिल्म में निशा के वायरल हुए एमएमएस को लेकर कहानी गढ़ी गई है. जिसमें वो लोगों के सामने अपना पक्ष रखते हुए नजर आएंगी. जहां ये फिल्म कई चीजों का पक्ष विपक्ष दर्शकों के सामने रखते हुए नजर आएंगी. आपको बता दें, निशा गुरगैन मूल रूप से नेपाल की रहने वाली हैं. साल 1997 में उनका जन्म मुंबई में हुआ था. जहां निशा ने बहुत ही कम उम्र में सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल कर ली थी. टिकटॉक के बैन होने से पहले निशा के करीब 27 मिलियन फॉलोअर्स थे. निशा भारत में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली स्टार थीं. टिकटॉक के बैन के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम रिल्स पर अपना सफर शुरू किया और आज वहां भी उनका बहुत बड़ा नाम है. इंस्टाग्राम पर भी निशा के कुल 4.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## मुझे अभी भी लगता है कि मैं स्ट्रगल कर रहा हूं : जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम का कहना है कि वह अभी भी खुद को एक ऐसा एक्टर मानते हैं, जिसका बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना अब भी बाकी है। जॉन कहते हैं कि वह अभी स्ट्रगल कर रहे हैं और इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। उन्होंने



बताया, मैं शायद सुनने में काफी विनम्र लग सकता हूं, लेकिन ऐसा नहीं है। सच कहूं तो मेरा मानना है कि मैं अभी भी संघर्ष कर रहा हूं और अपनी एक पहचान बनाने की कोशिश में जुटा हुआ हूं। मैं सेट पर सभी को बताता रहता हूं कि मैं फिल्म सेट पर होने का काफी आभारी हूं। पहले से ज्यादा अब मैं इस बात को लेकर अधिक सचेत हूं। अभिनेता ने कहा कि इंडस्ट्री में इन सालों के दौरान उनमें काफी विकास हुआ है। जॉन कहते हैं, अपने करियर के शुरुआती दिनों में मैं काफी ज्यादा कैजुअल था। उन दिनों मुझमे असफल होने की चिता नहीं थी, लेकिन आज मुझे इस बात का डर है। यह आपको बहुत कुछ सिखाता है।

## करीना कपूर ने मास्क लगाकर फोटो शेयर की

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान हाल ही में दूसरी बार मां बनीं हैं. जब से एक्ट्रेस मां बनी हैं सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक बेटे को जन्म दिया है. अब बेटे के जन्म के बाद करीना एक बार फिर से काम पर भी लौट आई हैं. ऐसे में कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बीच करीना कपूर ने मास्क को लेकर सभी को एक मैसेज दिया है. देश में कोरोना की दूसरी लहर देखने को मिल रही है. इस लहर के चेपेट में कई लोग आ रहे हैं. बॉलीवुड के कई सेलेब्स को कोरोना हो गया है. ऐसे में करीना कपूर ने मास्क के साथ की अपनी एक फोटो शेयर करते हुए कैप्शन भी लिखा है. हाल ही में करीना कपूर ने एक पोस्ट अपने प्रशंसकों के लिए शेयर किया. करीना कपूर ने अपनी कार में बैठे हुए की एक तस्वीर साझा की है. फोटो में अभिनेत्री फेस मास्क पहने नजर आ रही हैं. करीना कपूर खान ने मास्क पहने अपनी एक सेल्फी क्लिक की है जो फैंस के लिए शेयक किया है. तस्वीर साझा करते हुए एक्ट्रेस ने अपने फैंस से एक अनुग्रह किया है. देश में बढ़ते कोविड-19 सकारात्मक मामलों के बीच, अभिनेत्री ने अपने सभी चाहने वालों से कहा कि कोई प्रचार नहीं, बस अपना मास्क पहनें. करीना ने इसके साथ ही बताने की कोशिश की है कि वह प्रचार करने की कोशिश नहीं कर रही हैं. उन्होंने बताया कि उसके पीछे की वजह कोरोना के कारण सभी को मास्क पहनना चाहिए. फोटो में अभिनेत्री ने कैजुअल कपड़े पहने नजर आई हैं. इस दौरान करीना बहुत खूबसूरत दिख रही हैं. इस तस्वीर में करीना ने लुई वुइटन काले रंग का फेस मास्क पहना हुआ है. इसके साथ ही बेबो ने एक मिनिमलिस्टिक मेकअप लुक चुना है. उन्होंने अपनी आंखों को हाइलाइट करते हुए सिर्फ एक ब्लैक आईलाइनर से अपना आई-मेकअप किया है।

# जब अनुष्का शर्मा ने रणबीर कपूर को मारा था जोरदार थप्पड़



करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' को फैंस ने काफी पसंद किया था. रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय स्टारर इस फिल्म के संगीत को अभी तक सराहा जाता है. फिल्म से रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की लवस्टोरी को दिखाया गया था. फिल्म में रणबीर कपूर अयान और अनुष्का शर्मा अलीजेह के रोल में नजर आई थीं. अब फिल्म के सीन को किस्सा तेजी से वायरल हो रहा है. फिल्म में रणबीर और अनुष्का के बोल्ड से लेकर मस्ती वाले तड़के को जमकर पिरोया गया था. फिल्म के एक सीन मे अनुष्का को रणबीर को थप्पड़ मारना था लेकिन फैंस को नहीं पता इस सीन के कारण एक्टर गुस्सा हो गए थे. फैस को शायद याद हो फिल्म का वो सीन जब अयान की प्रेमिका लीसा हेडन और अलीज़ेह के बॉयफ्रेंड इमरान अब्बास टॉयलेट में एक साथ पकड़ लेते हैं और फिर वह गर्लफ्रेंड की बेवफाई में जमकर रोते हैं. ऐसे मेंअयान को सांत्वना देने के बजाय अलीज़ेह उसे थप्पड़ जड़ देती है. आपको बता दें कि इस सीन को करते समय अनुष्का ने वाकई में रणबीर को बहुत तेजी से थप्पड़ मारा था जिससे एक्टर सेट पर बुरी तरह भड़क गए थे. इस सीन को शूट करते समय अनुष्का ने रणबीर को तीन बार जोरदार थप्पड़ मारा था. फिल्म के मेकर्स के द्वारा शेयर किए गए वीडियो में आप देख सकते हैं कि अनुष्का के थप्पड़ मारने से रणबीर गुस्सा हो जाते हैं और दोनों के बीच सेट पर बहस भी हो गई थी. इस थप्पड़ को खाने के बाद हैरान होकर रणबीर अनुष्का से कहते नजर आते हैं कि यह मजाक नहीं है. ऐसे में अनुष्का भी जवाब नें गुस्से में कहती हैं कि क्या वह जानबूझकर ऐसा कर रही हैं. इसके बाद रणबीर अनुष्का से कहते हैं कि वह इतना तेज से ना मारें. इस मामले को बढ़ता देखकर अनुष्का ने रणबीर से माफी मांगते हुए झगड़े को खत्म कर दिया था. वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस पर तरह तरह से कमेंट कर रहे हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा एक लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं. एक्ट्रेस आखिरी बार जीरो फिल्म में शाहरुख खान और कैटरीना कैफ के साथ नजर आई थीं।




## ईडी ने बढ़ाई टेंशन

नेशनल हेराल्ड मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग संबंधी जांच अब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को समन भेजा है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस (अंडर सेक्शन 50 एक्ट) में दोनों से 8 जून को पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। कांग्रेस ने बताया कि सोनिया गांधी पूछताछ में शामिल होंगी। अगर, राहुल दिल्ली में रहे, तो वे भी पूछताछ में जाएंगे। इस केस में ईडी ने कांग्रेस के 2 बड़े नेता पवन बंसल वह मल्लिकार्जुन खड़गे को बीते 12 अप्रैल को जांच में शामिल किया था। 2014 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया और राहुल के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें स्वामी ने गांधी परिवार पर 55 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप लगाया था। केस के तहत आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए नेशनल हेराल्ड अखबार चलाने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स का अधिग्रहण, घालमेल के साथ पूरा किया और करीब 5 हजार करोड़ की संपत्ति अपनी बना ली। एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपए की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। इसका अर्थ यह हुआ कि पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया इसके बाद 5 लाख रुपए से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। टीएजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए और इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का लोन चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन को इस कंपनी के 99 फीसदी शेयर हासिल हो गए। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी यंग इंडियन को मुफ्त में टीएजेएल का स्वामित्व मिल गया। 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक जनहित याचिका डाली। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। नवंबर 2012 में सुब्रमण्यम स्वामी ने जो आरोप लगाए, उनमें यह भी शामिल था कि सोनिया और राहुल गांधी ने फ्रॉड करके एजेएल को अपना बना लिया। साथ ही नेशनल हेराल्ड, कौमी आवाज के पब्लिकेशन राइट्स भी पा लिए। इसके लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट प्रॉपर्टी भी हासिल कर लीं, जबकि ये प्रॉपर्टी सरकार द्वारा केवल अखबारों की पब्लिशिंग के उद्देश्य से दी गई थीं। 1 नवंबर 2012 को दिल्ली कोर्ट में सुब्रमण्यम स्वामी ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसमें सोनिया-राहुल के अलावा मोतीलाल बोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा आरोपी बनाए गए। 26 जून 2014 को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने सोनिया-राहुल समेत सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया। 1 अगस्त 2014 के ईडी ने इस मामले में संज्ञान लिया और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। मई 2019 में इस केस से जुड़े 64 करोड़ की संपत्ति को ईडी ने जब्त किया। 19 दिसंबर 2015 को इस केस में सोनिया, राहुल समेत सभी आरोपियों को दिल्ली पटियाला कोर्ट ने जमानत दे दी। 9 सितंबर 2018 को दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में सोनिया और राहुल को करारा झटका दिया था। कोर्ट ने आयकर विभाग के नोटिस के खिलाफ याचिका खारिज कर दी थी। अब फिर से ईडी ने सोनिया-राहुल समेत पूरी कांग्रेस पार्टी की टेंशन बढ़ा दी है।

# आम जन की सवारी है साइकिल

रमेश सर्राफ धमोरा

**(3 जून विश्व साइकिल दिवस पर विशेष)**



भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसीलिये भारत में साइकिल की अहमियत कभी खत्म नहीं हो सकती है। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है।

3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम चौथा विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी।

देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लोगों को अपने घर जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल पा रहे थे। ऐसे में करोड़ो लोग खुद को दूसरे प्रदेशों में फंसा हुआ महसूस कर रहे थे। इस दौरान लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है।

भारत में भी साइकिल के पहियों ने देश की आर्थिक तरक्की में अहम भूमिका निभाई। 1947 में आजादी के बाद अगले कई दशक तक देश में साइकिल यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं।

अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी।

अब शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है।

दो साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस बंद हो गयी थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्ट्री बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोगों के बेरोजगार हो गये हैं। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निर्माता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिले बेची जाती थी। दुनिया की सबसें बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस का विश्व साइकिल दिवस के दिन ही घाटे के चलते बंद हो जाना बड़े दुर्भाग्य की बात है। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।

भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है।

अब समय आ गया है कि शहर एवं गांवो में साइकिल चालन को एक बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने का। ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। शहरों में समर्पित साइकिल मार्गों का निर्माण किया जाना चाहिये। हमें विश्व साइकिल दिवस को महज एक सांकेतिक कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिये। आज के दिन हमें मन ही मन इस बात का संकल्प लेना चाहिये कि हम हमारे रोजमर्रा के काम साईकिल से पूरा करेगें। तभी सही मायने में साइकिल दिवस मनाना सफल हो पायेगा। बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है।

## सच्चा मित्र संजीवनी की तरह

हम सभी के परिचित और दोस्त होते हैं। भले ही बचपन के, स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या आस-पास कॉलोनी में रहने वाले हों, मित्र तो सभी के होते हैं। सच्चा मित्र बनना और बनाना हर इंसान की इच्छा होती है। लेकिन, सच्चे मित्र बहुत कम मिल पाते हैं। ऐसा मित्र, जिस पर हम भरोसा कर सकें, जिसके साथ अपनी हर बाते शेयर कर सकें। धर्मशास्त्रों में सच्चा मित्र उसे कहा गया है, जो सुख-दुख में साथ दे। ऐसे दोस्त से कभी भी डर नहीं लगता। ये सही रास्ते पर चलने में हमारे मददगार होते हैं। लेकिन, ऐसा दोस्त कौन है? क्या वह जो सिर्फ परिचित है? सच्ची दोस्ती प्रेम, विश्वास व भरोसा, एक-दूसरे का ख्याल रखने और चिंताओं पर ही आधारित होती है। क्या, कभी इस प्रश्न का उत्तर आपने खुद से पूछा है? प्रिय शब्दों से मित्रों की संख्या बढ़ती है और मधुर वाणी से मैत्रीपूर्ण व्यवहार। हमारे परिचित अनेक हों, किंतु परामर्शदाता ईश्वर एक ही है। ईश्वर ही सच्चा दोस्त है, जो जीवन के हर पल में हमारी परछाई बनकर साथ रहता है। उस पर अपनी आंखें बंद कर, विश्वास व भरोसा करते हैं। जब सुखी या दुखी होते हैं, ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और प्रार्थना के रूप में उससे बातें करते हैं। जीवन की हर बात उससे साझा करते हैं और फिर खुद को हल्का महसूस करते हैं। किसी भी कार्य की शुरुआत हम ईश्वर से आशीर्वाद लेकर ही करते हुए कहते हैं-हे मेरे मालिक, मुझ पर अपनी छत्र-छाया बनाए रख, मेरा मार्गदर्शन कर और मुझे सफलता प्रदान कर। कोई मित्र अवसरवादी होता है, वह विपत्ति में साथ नहीं देगा। कोई मित्र शत्रु बन जाता है और अलगाव का दोष भी हमें ही देता है। कोई मित्र हमारे यहां खाता-पीता है, किंतु विपत्ति के वक्ति दिखाई नहीं देता। समृद्धि के दिनों में वह हमारा अंतरंग बन कर रौब जमाता है, किंतु दुर्दिन आते ही शत्रु बनकर मुंह फेर लेता है।

## आधी आबादी को रास्ता चाहिये -भेदभाव नहीं

निर्मल रानी



पिछले दिनों संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सिविल सेवा परीक्षा 2021 के परिणाम घोषित हुये। यूपीएससी द्वारा चुने गये उम्मीदवारों की जो सूची जारी की गयी उसके अनुसार श्रुति शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि श्रुति शर्मा के अतिरिक्त तीन अन्य महिला उम्मीदवारों अंकिता अग्रवाल, गामिनी सिंगला तथा ऐश्वर्या वर्मा ने क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। गोया महिला उम्मीदवारों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की सूची में पुरुषों को सीधे पांचवें स्थान पर धकेल दिया। इनमें कई लड़कियां ऐसी भी हैं जिन्होंने अभावग्रस्त पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद केवल अपनी योग्यता,कठोर परिश्रम व लगन के बल पर इतना ऊँचा मुक़ाम हासिल किया। इस परिणाम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अवसर मिले तो महिलायें,क्या कुछ न कर दिखायें। यू पी एस सी की योग्यता सूची में आने वाली इन चारों लड़कियों के अतिरिक्त चुनी गयी सभी लड़कियां उच्च प्रशासनिक पदों पर तैनात होकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देंगी। इन्हें इसके बदले में उच्च मानदेय के अतिरिक्त अनेक प्रकार की सुविधाएं गाड़ी बंगला ऑफ़िस नौकर चाकर सब कुछ प्राप्त होगा। पूरे सेवाकाल तक प्राप्त होगा और अवकाशप्राप्ति के बाद भी पेंशन आदि नियमानुसार मिलती रहेगी। शिक्षण क्षेत्र की प्रतिभाओं से अलग, खेल कूद की अनेक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी विजय पताका फहराकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले प्रतिभागियों को सरकारी सेवाओं में अवसर दिये जाने अथवा पेंशन आदि का चूँकि प्रायः कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिये देश का नाम रौशन करने वाले ऐसे होनहारों के लिये केंद्र व राज्य सरकारें अनुकंपा के आधार पर उन्हें पर्याप्त धनराशियां उनके पदक व विजयी श्रेणी के अनुसार आवंटित करती रहती हैं। विभिन्न राज्य सरकारों ने इस तरह के प्रतिभागियों के लिये पदक व श्रेणी के अनुसार अलग अलग धनराशियां निर्धारित भी की हुई हैं। ओलंपिक अथवा विश्व विजेता प्रतिभागियों के लिये तो कई बार सरकारें खुश होकर %धनवर्षा % कर देती हैं। उन्हें बांग्ला,प्लॉट करोड़ों रुपयों की प्रोत्साहन राशि यहाँ तक कि सरकारी सेवाओं तक से नवाज़ा जाता है। ज़ाहिर है इसतरह के प्रोत्साहन से खिलाड़ी प्रतिभागियों के हौसले बुलंद होते हैं,अन्य बच्चे इन्हें देखकर प्रेरणा लेते हैं और वे भी आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं।

परन्तु यह हमारे देश का कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि धर्म-जाति की बेड़ियों में जकड़े इस देश का एक बड़ा सांप्रदायिकतावादी व जातिवादी वर्ग खेल कूद प्रतिभागियों के प्रदर्शन को भी उनकी जाति व उनके धर्म के चश्मे से देखता है ? यदि टीम पराजित हो तो यह वर्ग उसका ज़िम्मा अपनी सुविधानुसार जाति या धर्म विशेष पर लगाने की कोशिश करता है और अगर वही खिलाड़ी पदक लेकर आये तो उसको प्रोत्साहित करने के बजाये उसके प्रति उदासीनता बरती जाये ? उसे प्रोत्साहन राशि व अतिरिक्त पुरस्कारों से वंचित रखा जाये ? खिलाड़ियों के साथ इस तरह का सौतेला व पक्षपातपूर्ण बरताव करने के बाद जनता या सरकार यह कैसे उम्मीद कर सकती हे कि देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं में बढ़ोतरी हो ?और भारतीय तिरंगा विश्व फ़लक पर फहराता दिखाई दे ? याद कीजिये अगस्त 2021 में जब ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से मैच हार गयी थी उसके कुछ ही देर बाद स्वयं को कथित ऊंची जाति का बताने वाले कुछ तत्व हरिद्वार के एक गांव में रहने वाली भारतीय टीम की हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के घर पहुँच कर उसके दरवाज़े के बाहर कपड़े उतार कर नाच नाच कर पटाखे फोड़ने लगे थे। इतना ही नहीं उन्होंने वंदना कटारिया व उसके परिवार पर जातिगत टिप्पणियां की। उन्हें गालियां दीं व अपमानित किया गया। वंदना के परिजनों के अनुसार आक्रोशित व्यक्तियों का कहना था कि भारत मैच इसलिये हार गया क्योंकि भारतीय टीम में बहुत अधिक दलित खिलाड़ी थे.'इतना ही नहीं बल्कि वे यह भी कह रहे थे कि केवल हॉकी में से ही नहीं बल्कि हर खेल में से दलितों को बाहर निकाल देना चाहिए। जिस देश में दलितों को सफलता पाने पर किसी अतिरिक्त प्रोत्साहन की कोई व्यवस्था न हो वहां किसी हार का ज़िम्मा किसी खिलाड़ी पर केवल इसलिये थोपना कि वह किसी जाति या धर्म विशेष से सम्बद्ध है।

# शांतिपुंज और शहीदों के सरताज थे गुरू अर्जुन देव

### सूडोकु नवताल- 6090

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6089 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

योगेश कुमार गोयल



सिख धर्म में पांचवें गुरू श्री अर्जुन देव के बलिदान को सबसे महान् माना जाता है, जो सिख धर्म के पहले शहीद थे। उन्हें 'शहीदों के सरताज' भी कहा जाता है। इस वर्ष 3 जून को गुरू श्री अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। अमृतसर के गोइंदवाल साहिब में जन्मे गुरु अर्जुन देव के मन में सभी धर्मों के प्रति अथाह सम्मान था, जो दिन-रात संगत की सेवा में लगे रहते थे। धर्म रक्षक और मानवता के सच्चे सेवक श्री अर्जुन देव के पिता गुरू रामदास सिखों के चौथे तथा नाना गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू थे और बुरू अर्जुन देव के पुत्र हरगोविंद सिंह सिखों के छठे गुरू बने। वर्ष 1581 में 18 वर्ष की आयु में पिता गुरू रामदास जी द्वारा अर्जुन देव को सिखों का पांचवां गुरू नियुक्त किया गया था। गुरू अर्जुन देव को उनकी विनम्रता के लिए भी स्मरण किया जाता है। दरअसल उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में कभी किसी को कोई दुर्वचन नहीं कहा। शांत व गंभीर स्वभाव के स्वामी तथा धर्म के रक्षक गुरू अर्जुन देव जी को अपने युग के सर्वमान्य लोकनायक का दर्जा प्राप्त है, जिनमें निर्मल प्रवृत्ति, सहृदयता, कर्त्तव्यनिष्ठता, धार्मिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भावना जैसे गुण कूट-कूटकर समाये थे।

ब्रह्मज्ञानी माने जाने वाले गुरू अर्जुन देव को आध्यात्मिक जगत में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, जो शहीदों के सरताज और शांतिपुंज भी माने जाते हैं। वह आध्यात्मिक चिंतक और उपदेशक के साथ ही समाज सुधारक भी थे, जो सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी डटकर खड़े रहे तथा अपने 43 वर्षों के जीवनकाल में उन्होंने जीवन पर्यन्त धर्म के नाम पर आडम्बरों तथा अंधविश्वासों पर कड़ा प्रहार किया। प्रतिदिन प्रातःकाल लाखों लोग शांति हासिल करने के लिए 'सुखमनी साहिब' का पाठ करते हैं, जो गुरू अर्जुनदेव जी की अमर-वाणी है, जिसमें 24 अष्टपदी हैं। सुखमनी अर्थात् सुखों की मणि यानी मन को सुख देने वाली वाणी, जो मानसिक तनाव की अवस्था का शुद्धिकरण भी करती है। यह सूत्रात्मक शैली की राग गाउडी में रची गई उत्कृष्ट रचना मानी जाती है, जिसमें साधना, नाम-सुमिरन तथा उसके प्रभावों, सेवा, त्याग, मानसिक सुख-दुख तथा मुक्ति की उन अवस्थाओं का उल्लेख है, जिनकी प्राप्ति कर मानव अपार सुखों की प्राप्ति कर सकता है। गुरू अर्जुन देव ने ही सभी गुरूओं की बानी के अलावा अन्य धर्मों के प्रमुख संतों के भजनों को भी संकलित कर एक ग्रंथ 'गुरू ग्रंथ साहिब' बनाया, जो मानव जाति को सबसे बड़ी देन मानी गई है। सम्पूर्ण मानवता में धार्मिक सौहार्द पैदा करने के लिए श्री गुरू ग्रंथ साहिब में कुल 36 महान् संतों और गुरूओं की वाणियों का संकलन किया गया। इसमें कुल 5894 शब्द हैं, जिनमें से कुल 30 रागों में 2216 शब्द श्री गुरू अर्जुन देव जी के ही हैं जबकि अन्य शब्द महान् संत कबीर, संत रविदास, संत नामदेव, संत रामानंद, बाबा फरीद, भाई मरदाना, भक्त धन्ना, भक्त पीपा, भक्त सैन, भक्त भीखन, भक्त परमांनद, बाबा सुंदर इत्यादि के हैं। गुरू ग्रंथ साहिब जी का सम्पादन गुरू अर्जुनदेव ने भाई गुरदास की सहायता से किया था, जिसमें रागों के आधार पर संकलित वाणियों का इस प्रकार वर्गीकरण किया गया, जिसे देखते हुए इसे मध्यकालीन धार्मिक ग्रंथों में बेहद दुर्लभ माना जाता है। गुरू ग्रंथ साहिब के संकलन का कार्य वर्ष 1603 में शुरू हुआ और 1604 में सम्पन्न हो गया था, जिसका प्रथम प्रकाश पर्व श्री हरिमंदिर साहिब में 30 अगस्त 1604 को आयोजित किया गया था और इसके मुख्य ग्रंथी की जिम्मेदारी बाबा बुड्ढ़ा जी को सौंपी गई, जिन्होंने बचपन में गुरू अमरदास के साथ मिलकर अर्जुन देव का पालन-पोषण किया था। वर्ष 1705 में दमदमा साहिब में दशमेश पिता गुरू गोविंद सिंह जी ने गुरू तेगबहादुर जी के 116 शब्द जोड़कर गुरू ग्रंथ साहिब को पूर्ण किया, जिसमें कुल 1430 पृष्ठ हैं।

## सिर्फ सोनिया व राहुल ही क्यों?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

केंद्र सरकार के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पेशी का नोटिस भेजा है। ये दोनों कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष हैं। इनके अलावा आप पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को ईडी ने हिरासत में डाल रखा है। लालू प्रसाद यादव और ओमप्रकाश चौटाला पहले से जेल भुगत रहे हैं। झारखंड के कुछ अफसर भी जेल भुगत रहे हैं। ये लोग सब कौन हैं? ये सब गैर-भाजपाई नेता हैं। ये सब विरोधी दलों के अध्यक्ष या मुख्यमंत्री या अफसर रहे हैं? इनमें से किसका कितना दोष या अपराध है, यह तो अदालतें तय करती हैं लेकिन कितने गर्व और गौरव की बात है कि इनमें से एक भी आदमी ऐसा नहीं है, जो भाजपा का हो या सत्तारुढ़ दल का हो। यदि भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्त्ता सचमुच ऐसे हों तो इससे बढ़कर आनंद की बात राष्ट्र के लिए क्या हो सकती है? लेकिन क्या ऐसा है? यह कैसे पता चले? या तो वे शपथ लेकर कहें कि वे दूध के धुले हुए हैं या वे यह दावा करें कि उन्होंने कभी रिश्वत नहीं ली है, या उन्होंने कभी टैक्स-चोरी नहीं की है या पैसे की अफरा-तफरी नहीं की है। ऐसा दावा करते हुए तो हमने किसी भी पार्टी के एक भी नेता को नहीं सुना है। हाँ, सिर्फ विरोधी नेताओं को सरकारें अपने दांव में फंसा लेती हैं। आज भाजपा अपने विरोधियों- कांग्रेसियों, आपियों, बसपाइयों और समाजवादियों- को अपने जाल में फंसा रही है तो कल जब सत्ता बदलेगी तो ये सब मिलकर क्या भाजपाइयों के लिए लंबा-चैड़ा जाल नहीं बिछा देंगे? क्या इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी? नहीं, बिल्कुल नहीं। अपने विरोधियों पर छापे मारने के पहले यदि कोई प्रधानमंत्री अपने समर्थकों पर छापे डलवा दे तो वह असली सफाई कहलाएगी। दूसरों का घर साफ़ करने के पहले यदि अपना घर साफ़ न करें तो लोग आपकी मजाक उड़ाए बिना नहीं रहेंगे। आपकी उस सफाई को लोग राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई समझेंगे। जनता में उसकी एकदम उल्टी प्रतिक्रिया भी हो सकती है। जनता उनके अपराध को अनदेखा कर देगी और उनके लिए सहानुभूति के बादल बरस पड़ेंगे जैसे कि चरणसिंह द्वारा इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी पर बरसे थे। कांग्रेस के प्रधानमंत्री नरसिंहरावजी ने मुझसे एक दिन पूछा कि चुनाव जीतने का मंत्र बताइए। मैंने कहा तीन मंत्र हैं। पहला परमाणु-परीक्षण, दूसरा आतंकवादी अड्डों पर फौजी हमला और तीसरा भ्रष्ट कांग्रेसियों पर सबसे पहले छापे। तीसरा विकल्प सुनकर वे हंसने लगे। क्या भारत में किसी पार्टी की कोई ऐसी सरकार कभी बनेगी।

# कलेक्टर और एसपी ने अम्बाह के एक दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये मतदान अम्बाह, पोरसा में 25 जून को होगा। इसके लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने गुरूवार को अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक दर्जन मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी समझाईश दी कि मतदान सभी लोगों को राज्य आयोग की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत करना है। भ्रमण के समय पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, एसडीएम अम्बाह राजीव समाधिया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने अम्बाह विकासखण्ड के दिमनी, रानपुर, कचनौधा, शिकारीपुरा, ऐसाह, कुथियाना, वीलपुर, पीपरीपुरा, जोंहा, डंडोली, नयापुरा, खिरेंटा, बड़फरा आदि मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां पर छाया, पानी, भवन, गेट, खिड़की, दरवाजे, रैम्प आदि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान के पहले मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधायें समय से पूर्व सुनिश्चित कर ली जाये। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिये मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई, मतदान दलों के रूकने के लिये आवश्यक सुविधायें अभी से सुनिश्चित करायी जायें। उन्होंने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुये मतदान केंद्र की छत में पानी नहीं टपकना चाहिये, आवश्यकता पड़ने पर तत्काल छत का स्टीमेट प्रस्तुत करके रिपेयरिंग करायी जाये। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को भी मतदान करने की बात कही। मतदान सभी का अधिकार है, इसे सभी लोग करें। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि सभी निडर होकर मतदान करें। पंचायत चुनाव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, आवश्यकता पड़ने पर पंचायत चुनाव में फोर्स की कई टुकड़ियां भी मुरैना जिले को मिलेंगी। मतदान शत-प्रतिशत किया जाये। पुलिस अधीक्षक श्री बागरी यह बात भ्रमण के समय ग्रामीणों से बोल रहे थे।

### नाम-निर्देशन पत्र जमा करने वाले कलस्टर का किया निरीक्षण

त्रि-स्तरीय पंचायत नाम-निर्देशन पत्र जमा करने के लिये जिले में 69 नाम-निर्देशन पत्र जमा करने वाले स्थल एवं कलस्टर बनाये गये है, जिनमें से कलेक्टर बी. कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने दिमनी कलस्टर केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंच, सरपंच के नाम-निर्देशन पत्र जमा होते पाये गये। कलेक्टर ने बिन्दुवार नामांकन प्रस्तुत किये जा रहे नियमों का पालन कर रहे अधिकारी से जानकारी ली और नाम-निर्देशन पत्र की प्राप्त करने वाले अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

### मतदान वितरण सामग्री का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने अम्बाह पहुंचकर पीजी कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायत के अन्तर्गत 25 जून को होने वाले चुनाव के लिये आवश्यक सामग्री पीजी कॉलेज अम्बाह से वितरण की जायेगी एवं चुनाव के पश्चात् सामग्री वापस आकर मतगणना कार्य भी पीजी कॉलेज में किया जायेगा। कलेक्टर ने आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्व करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर एसडीएम राजीव समाधिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा सरकार के खिलाफ़ कांग्रेस ने संविधान बचाओ यात्रा का किया आयोजन

### कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सोलंकी एवं पंचायत चुनाव प्रभारी गुर्जर का किया भव्य स्वागत

**मुरैना।** कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रथम मुरैना नगर आगमन पर राजेंद्र प्रसाद सोलंकी एवं म.प्र.किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व चम्बल संभाग पंचायत चुनाव प्रभारी दिनेश गुर्जर का हज़ारों लोगों ने स्वागत किया। इसके साथ ही राजेंद्र प्रसाद सोलंकी के नेत्रत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ़ संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शहर में ना निकालने के कारण वहीं रेल्वे स्टेशन पर ही सभी ने उद्बोधन दिया और कहा कि भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ न करें, डीज़ल-पेट्रोल व रसोई गैस के दाम सस्ते किए जाए। उक्त यात्रा का समापन जौरा रोड सोलंकी पेट्रोल पम्प पर किया गया, जहाँ पर दिनेश गुर्जर, शहर ज़िलाध्यक्ष दीपक शर्मा, मानवेन्द्र सिकरवार(गांधी), राजेंद्र यादव, रामलखन दंडोतिया, मदन शर्मा, मनीष उपाध्याय व प्रमोद शर्मा हुसैनपुर ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक कांग्रेस के पार्षद एवं सरपंच चुनें और कांग्रेस का महापौर बनाएं। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद सोलंकी ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में शशी सक्सेना, प्रेमकुमार बंसल, प्रकाश टेलर, रामबाबू शर्मा, सुनील शर्मा, रमेश अर्गल, मनोज सिकरवार, भूपेन्द्र सिकरवार(मिंटू), गौरव बाथम, विनोद जौनवार, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।



## आतिशबाज सुलेमान फांसी पर झूला

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खनेता गांव में गुरुवार की सुबह सोच के लिए गए आतिशबाज सुलेमान ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पेड़ से उतारकर उसे पीएम हेतु भेजा। पीएम के बाद लाश परिजनों के सुपुर्द कर मर्ग कायम कर लिया गया। थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सुलेमान उर्फ टोटा पुत्र मुन्ना खान 42 वर्ष अपनी फैमिली के साथ गांव से हिस्सा लेने के बाद जौरा में निवास कर रहा था और वहीं आतिशबाजी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को वह ग्राम खनेता अपने छोटे भाई के पास पहुंचा तथा रात को वहीं रुक गया। सुबह घर से शौच के लिए लोटा लेकर निकला और खेत में स्थित एक पेड़ पर रस्सी डालकर फांसी पर झूल गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो छोटा भाई एवं उसके परिवार के लोग उसे तलाशते हुए घटना स्थल पर पहुंचे, जहां वह फांसी पर लटका मिला। घटना की सूचना तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश जप्त कर पीएम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



## पंचायत चुनाव दूषित हुआ तो होगी सख्त कार्रवाहीः जिला निर्वाचन अधिकारी

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन और पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी बुधवार को जौरा विकासखण्ड के ग्राम गलेथा, भैंसरौली और बागचीनी पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर चौपाल लगाई। चौपाल में ग्रामीणों के बीच बैठकर चुनाव संबंधी बातें ग्रामीणों की समझाई। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि पंचायत चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होना है। हम इसलिये आये है, क्योंकि हमें गड़बड़ी की आशंका है। यदि मतदान के दौरान किसी ने चुनाव के नियमों का उल्लंघन किया या कानून व्यवस्था को खराब करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाही होगी। फिर मत कहना कि हमको मालूम नहीं था। इसलिये अभी सभी को समझाने आये है।

# करें मतदाता अधिकार का सम्मान, चलो आगे बढ़कर करें मतदानः श्रीनिवास गुर्जर

### शिक्षा विभाग ने समाजसेवियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली

अम्बाह। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप शिक्षा विभाग द्वारा आज नगर में मतदाता जागरूकता रैली आचार्य आनंद टीम के सहयोग से निकाली। रैली का शुभारंभ हाथी गड्डा परिसर से हुआ। रैली के शुभारंभ पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि, करें मतदाता अधिकार का सम्मान, चलो आगे बढ़कर करें मतदान।





इस अवसर पर शासकीय शिक्षक रामवीर शर्मा ने मतदाता को किसी भी तरह के लोभ लाचल से बचना चाहिए और इस तरह का प्रलोभन देने वालों की प्रशासनिक स्तर पर शिकायत करनी चाहिए। इस अवसर पर बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर, समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और अरबिंद मावई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवदत्त शर्मा ने किया। जागरूकता अभियान में पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर, उदयभान सिंह तोमर, मुकेश उपाध्याय, महेश, राघवेन्द्र शर्मा, छोटू सर, बलवीर तोमर, प्रदीप, राजकिशोर, गणपति मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मतदाता संगोष्ठी और शपथ आज

मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में आज 3 जून को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी और शपथ ग्रहण का कार्यक्रम ब्राइट कैरियर एकेडमी में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर ने दी है।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दुर्भावना पूर्ण पोस्ट पर प्रतिबंध, होगी कार्रवाहीः कलेक्टर

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 और नगरीय निकाय के चुनाव की घोषणा की जा चुकी है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दृष्टिगत कुछ असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का दुरूपयोग कर दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की संभावना रहती है। जनसामान्य सुरक्षा एवं सामुदायिक एवं धार्मिक सद्भावना तथा लोक परिशांति बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जिले के व्यक्तियों एवं असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वॉट्सऐप, ट्यूटर आदि के माध्यम का दुरूपयोग कर साम्प्रदायिक तथा जातिगत विद्वेष दुर्भावना पूर्ण संदेशों के प्रसारण पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 18 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो ऑडियो, वीडियो आदि भी सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता है, को न ही प्रसारित करेगा तथा भेजेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक, साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना भडकती हो, को कमेंट, लाईक, शेयर या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी की वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा वैमनस्यता पैदा करने, दुष्प्रेरित करने, उकसाने, हिंसा हेतु फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और न ही इसके लिये प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर भड़काने, उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में संलग्न हो जाये, को प्रसारित नहीं करेगा और न ही लाइक, शेयर या फॉरवर्ड करेगा तथा न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति, समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नही करेगा।



## समझाईश और जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू करें आदर्श आचरण संहिता

### राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कलेक्टर और एसपी को दिये निर्देश

मुरैना। आदर्श आचरण संहिता का गंभीरता से अध्ययन कर लें। समझाईश और जरूरत पड़ने पर सख्ती से आदर्श आचरण संहिता लागू करें। विशेष प्रकरणों में अनुमति का प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को भेजें। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर और एसपी को दिये। श्री सिंह ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिये समुचित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। नगरीय निकाय निर्वाचन के लिये नाम निर्देशन-पत्र ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन भी भरे जा सकते हैं। श्री सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को पूरे प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता समाप्त हो जाएगी।



### दो चरणों में होंगे नगरीय निकाय निर्वाचन

श्री सिंह ने बताया कि दो चरणों में नगरीय निकायों का निर्वाचन किया जाएगा। निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र लेने का कार्य 11 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र 18 जून तक लिये जाएंगे। संवीक्षा 20 जून को होगी और अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 22 जून है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। प्रथम चरण का मतदान 6 जुलाई को और द्वितीय चरण का मतदान 13 जुलाई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। प्रथम चरण की मतगणना और परिणामों की घोषणा 17 जुलाई को, दूसरे चरण की मतगणना और परिणामों की घोषणा 18 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी। मतदान ईव्हीएम के माध्यम से होगा। श्री सिंह ने बताया कि 49 जिलों में निर्वाचन प्रक्रिया होगी। निर्वाचन दलीय आधार पर होगा।

# जिला पंचायत सदस्य पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 20 तक 17 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के लिये 30 जून से नाम-निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला जारी है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन की जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के अन्तर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु 20 वार्डो में गुरूवार को 17 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से सुधीर सिंह पुत्र दिलीप सिंह, वार्ड क्रमांक 2 से भीकम सिंह पुत्र छोटेलाल बघेल, वार्ड क्रमांक 3 से सुमन पत्नि अजीत, मिली पत्नि अविनाश, वार्ड क्रमांक 4 से रविकांत जम्होरिया पुत्र हाकिम सिंह, दीवान सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 6 से मीना पत्नि संदीप सिंह, वार्ड क्रमांक 7 से रामाधार पुत्र श्यामलाल, विजेन्द्र पुत्र कदम सिंह, वार्ड क्रमांक 8 से अनुराग पुत्र नरेन्द्र परमार, वार्ड क्रमांक 9 से रविन्द्र पुत्र करतार सिंह जाटव, वार्ड क्रमांक 10 से गुड़िया पत्नि अतेन्द्र सिंह ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 13 से श्रीमती विमला पत्नि वीरवल, कैलाशी देवी पत्नि सियाराम शाक्य, वार्ड क्रमांक 14 से भोता पुत्र मोहर सिंह, वार्ड क्रमांक 15 से ऊषा पत्नि गिर्राज धाकड़ और वार्ड क्रमांक 18 से सुमेर पुत्र रतनलाल ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये। जानकारी में बताया गया है कि नाम-निर्देशन पत्र की अंतिम तिथि 6 जून निर्धारित की गई है। इसके बाद 7 जून को नाम-निर्देशन पत्रों की (संवीक्षा) जांच, 10 जून को अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख और उसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जायेगा। 25 जून को प्रथम चरण का मतदान होगा।



# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव कराने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

## आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के निर्देश

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में आज 02 जून को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम, सभी एसडीएम, सभी एसडीओपी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के लायसेंसी



शस्त्रों को शीघ्र थाने में जमा करायें। शस्त्रों के सभी लायसेंस चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक के लिए निलंबित कर दिये गये है। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें। समाज में अशांति फैलाने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। जिन लोगों से समाज की शांति भंग होने की आंशका हो उनके विरूद्ध धारा 107-16 की कार्यवाही करें। ऐसे लोगों को 01 वर्ष के लिए बांड ओव्र करने की कार्यवाही करें। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में शासकीय संपत्ति पर किये गये विरूपण को सख्ती से हटाने की कार्यवाही करें। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में कहीं पर भी संपत्ति विरूपण के संबंध में कोई शिकायत नहीं आना चाहिए। सभी अधिकारी निष्पक्ष होकर कार्यवाही करें। बैठक में सभी विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्रों के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के संबंध में चर्चा की गई और अधिकारियों से कहा गया कि वे ऐसे मतदान केन्द्रों का शीघ्रता से भ्रमण करें और वाजिब कारण न हो तो ऐसे मतदान केन्र्रोंन को सामान्य मतदान केन्र्रोंल में शामिल करें। बैठक में चुनाव पर निगरानी रखने के लिए सेक्टर मजिस्रेसेट की सूची रिजर्व सहित शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। मतदान के दिन सेक्टर मजिस्रेवाट एवं पुलिस मोबाईल को एक साथ मतदान केन्र्रों र का भ्रमण करने की कार्ययोजना बनाने कहा गया।

## आगामी चुनाव को लेकर अनुविभागीय कार्यालय गोहद में बैठक सम्पन्न



### एस.डी.एम एवम एस.डी.ओ.पी महोदय ने दिए आबश्यक निर्देश

**मोनू बाथम पुष्पांजलीं टुडे**

आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर आज अनुविभागीय कार्यालय पुलिस गोहद में एस.डी.एम शुवम शर्मा एवम द्वारा अनुविभाग के समस्त थाना प्रभारियों एवम नायब तहसीलदार रवीश भदौरिया के साथ मिलकर एक बैठक आयोजित की जिसमे बिभिन्न मुद्दों पर चर्चा की इस मौके पर थाना प्रभारी मालनपुर निरीक्षक विनोद विनायक करकरें,थाना प्रभारी मौ निरीक्षक संजीव तिवारी ,थाना प्रभारी गोहद राजेश सातनकर थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा, थाना प्रभारी एंडोरी उप निरीक्षक नागेश शर्मा, ष्द्धश्च गोहद सतीश दुबे, मौ सीएमओ तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### गोहद चौराहा पुलिस की तत्परता से बलदेव पुरा में लगी आग पर पाया काबू



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड गोहद।** को बलदेवपुरा से सूचना प्राप्त हुई की डीपी में शार्ट सर्किट से वहां आग लग गई है वह आग गांव की तरफ बढ़ती जा रही है इस पर तत्काल गोहद फायर ब्रिगेड से संपर्क करके फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया तथा थाना प्रभारी गोहद चौराहा निरीक्षक रविंद्र शर्मा सहायक उप निरीक्षक बाबू सिंह जादौन तथा अन्य स्टाफ तत्परता से मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग तथा फायर ब्रिगेड की तत्परता से मौके पर ही आग पर काबू पाया गया प्रायः यह देखने में आता है कि आगजनी के कारण बड़ी बड़ी घटनाएं घटित हो जाती हैं । गोहद चौराहा पुलिस की तत्परता कि उक्त ग्रामीणों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

## घर में लगी आग लाखों का सामान हुआ ख़ाक

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

ग्रीष्म ऋतु के दौरान अक्सर आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं जिससे लाखों का नुक़सान होता है। लोग सावधानी बरतें किंतु आकस्मिक घटनाओं पर नियंत्रण करना बहुत मुश्किल होता है। एक ऐसी ही आगजनी की घटना जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम कलपाथरी में सामने आई हैं। उक्त घटना रिहायशी इमारत में घटी है। ग्राम पंचायत कलपाथरी के वार्ड नंबर 9 निवासी जयराम समरिते,कुवरलाल समरिते एवं रेवाराम समरिते के घर में शाम



लगभग 5 बजे अचानक आग दिखाई दी। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है किन्तु लाइट कनेक्शन में सार्ट सर्किट होने से आग लगने की वजह सामने आई है।

### लगभग 1.50 लाख नगदी के साथ खाने का सामान खाक

समरिते परिवार में 16 सदस्य निवास करते हैं। आग लगने के दौरान सभी घर पर ही थे, किंतु अचानक पाटन में लगी आग ने किसी को संभलने का मौका नहीं दिया और आग विकराल हो गई। पडौसियों के मोटर की सहायता से आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग नहीं बुझी,जिससे की रबी की फसल से प्राप्त लगभग 1.50 लाख रुपए नगदी के साथ साथ खाने पीने का सामान, पहनने के कपड़े, धान एवं जानवरों के लिए रखीं पैरा जलकर राख हो गई। वहीं परिजनों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा आग को बुझाने का कार्य किया गया, लेकिन आग ने अपना काम कर लिया था। पिडित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## अंबाह मैं नोटिस जारी होने की समय सीमा निकलने के बाद भी सीएमएचओ श्री राकेश शर्मा और बीएमओ डी एस यादव से क्यों नही हो पा रही कार्यवाही रिपोर्ट में आती गड़बड़ी है तो जिम्मेदार कोन अधिकारी या अवैध लेब वाले

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर मैं एक दर्जन से अधिक अवैध लेब संचालित है लेकिन अंबाह स्वास्थ विभाग और जिला स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार पद पर बैठे उच्च अधिकारी अपनी कुर्सी पर से खड़े होकर कार्यवाही करने को तैयार नहीं अब आम जनता किससे उम्मीद करे आगे बता दे कि।

सीएमएचओ राकेश शर्मा और अंबाह बीएमओ डी एस यादव को इस विषय के बारे मैं कई बार अवगत कराया लेकिन नोटिस की कार्यवाही के अलावा धरातल पर आज तक भी किसी पैथोलॉजी लैब पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं इन पैथोलॉजी संचालकों ने सरकारी अस्पतालों को भी हाईजेक कर रखा है। जिले में अधिकांश यह पैथोलॉजी सरकारी अस्पतालों के आसपास व अगल बगल में बैठे हैं। इसके साथ ही कुछ चिकित्सक भी मरीजों को बाहर की लैब पर ही मरीजों को जांच कराने की सलाह दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पैथोलॉजी लैब को चलाने के



लिए अब एमडी पैथोलॉजिस्ट योग्यता धारक का होना जरूरी माना है।जिसमें पैथोलॉजी लैब में पीजी योग्यताधारकों द्वारा ही जांच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर को जरूरी बताया था यदि किसी लैबोरेट्री में रिपोर्ट पीजी पैथोलॉजिस्ट द्वारा हस्ताक्षरयुक्त नहीं है तो उस स्थिति में उस रिपोर्ट को गलत माना जाएगा। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट देने वाली पैथालॉजी सेंटर लैबोरेट्रीज को तत्काल बंद कर देना चाहिए।

## उपनिरीक्षक अनिल गुर्जर ने किया नामांकन केंद्र का निरीक्षण





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-दबोह थाना उपनिरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर ने गुरुवार को नामांकन केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने दबोह केंद्र व मुरावली केंद्र का निरीक्षण किया और सम्बंधित निर्देश भी दिये।यहां बता दें कि पंचायत चुनाव की घोषणा होने के बाद से प्रत्याशियों के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके चलते उपनिरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर ने केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ बलबीर दीवान जी,आरक्षक संजय के साथ स्टाफ मौजूद रहा।

### मध्यप्रदेश सरकार का फिल्म सम्राट पृथ्वीराज टैक्स फ्री करना स्वागत योग्य : अतुल पाठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जीवन पर आधारित अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री करने के निर्णय का स्वागत किया है। अतुल पाठक ने कहा है कि फिल्म के माध्यम से हमारे प्रदेश की युवा पीढ़ी महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जीवनी और किस तरह से सम्राट पृथ्वीराज चौहान को मातृभूमि के प्रति प्रेम था, ये जान सकेंगे । अतुल रमेश पाठक ने यह भी बताया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान का



हमारे जिले भिंड से पुराना इतिहास रहा है, क्योंकि हमारे जिले में स्थित ऐतिहासिक भगवान शिव का वनखंडेश्वर मंदिर का निर्माण खुद पराक्रमी राजा पृथ्वीराज चौहान ने कराया था। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा है कि यह फिल्म हर भारतीय को देखना चाहिए, राज्य सरकार द्वारा दी गई छूट के बाद प्रदेश के मल्टीप्लेक्स और सिनेमा प्लेक्स में फिल्म का टिकट भी सस्ता होगा, फिल्म से हम लोग अपने देश का इतिहास समझ पाएंगे। अतुल पाठक ने प्रदेश सरकार के इस फैसले पर आभार व्यक्त किया है।

# शिशुपाल अहिरवार व वनकर्मचारियों द्वारा पेश की मानवता की मिशाल

## कैंसर से पीड़ित आदिवासी को उपचार कराने किया आर्थिक मदद

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी (सा.) के अंतर्गत वनग्राम बोदादलखा के निवासी भादूलाल टेकाम पिता लक्षन टेकाम जो विगत 2 साल से मुह के कैंसर से पीडित है, जिनको स्थानीय इलाज कराने पर लाभ नही मिलने पर 2 माह पूर्व कैंसर अधिक मात्रा में बढ़कर जीव्हा गलने पर जिला अस्पताल में दिखाया गया। तब जाकर पुष्टि हुई कि भादूलाल को मुह का कैंसर है, जिसके चलते वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी (सा.) के स्टॉफ एवं वनग्राम गुलपुर के



निवासियों की मदद से 01 सप्ताह पूर्व अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से भादूलाल को मेडीकल कॉलेज नागपुर रिफर किए जाने पर उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही होने पर प्रांतीय अध्यक्ष स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन (म.प्र.) एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी (सा.) शिशुपाल अहिरवार एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी (सा.) श्रीमति नेहा घोडेश्वर, काष्ठागार अधिकारी रेवसिंह डाबर के साथ मिलकर मानवता की मिशाल पेश करते हुए कैंसर से पीड़ित भादूलाल टेकाम को बीस हजार रूपये की आर्थिक मदद करते हुए उनके जल्दी स्वस्थ्य होने की कामना की गई। इसके अलावा विभाग के इलियास खान , राहुल उके , पियुष यादव , संतोष सोनवाने , देवेन्द्र सहारे , सुनिल खोंगल , निशांत सिंह , प्रेमलाल गायकवाड़ , सुनील नेवारे , आशीष नागेश्वर , राधेश्याम घोरमारे , भूपेन्द्र चौके , राधेश्याम ताराम , रामसखा बैगा , महेश नंदा , शैलेन्द्र रामटेक्कर , भीकम नारायण कंगाली , संजय सिंह , गोविंदराव तुरकर , विजय वाढईकर , ज़ नितीन शेन्डे , नारायण सिंह टेकाम एवं टेकचंद मेश्राम ने भी मदद किया। ज्ञात हो कि वन कर्मियों के द्वारा पीड़ित का आयुष्मान कार्ड भी बनवाया गया जिसकी मदद से आगे उनका इलाज होगा।

### महेंद्र मुणोत ने शिक्षक साम्रगी का किया वितरण



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर**–हाल्लिकार युवा वेदिके द्वारा कल्याणनगर स्थित ज्ञानसौधा सभागार में दशवी कक्षा के विधार्थियों विधालय विद्यार्थीयों के लिए आयोजित जागृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजयनगर मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने अपने संबोधन में कहा विद्यार्थीयों में अनुशासन, एकाग्रता एवं विनम्रता का होना अति आवश्यक है।इस अवसर पर विद्यार्थीयों में शिक्षण साम्रगी वितरित की गई। वेदिके के सदस्यों ने महेन्द्र मुणोत को शॉल व माला पहनाकर सम्मानित किया ।



आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चंबल संभाग प्रभारी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर जी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक मीटिंग। इस मीटिंग में प्रभारी गुर्जर द्वारा आगामी चुनाव में लेकर कार्यकर्ताओं को जवाबदरी दी मीटिंग में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर प्रदेश सचिव राघवेंद्र शर्मा गणेश राम शर्मा टोनी मुद्गल जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया केशव देसाई सुमित त्रिवेदी केदार कौशल कैलाश सिंह गुर्जर रमजान खान रामसाय माहोर बाल किशन राजू गुर्जर डॉ शिवचरण जयंत बीपी सिंह कल्ला गुर्जर बॉबी जर्मन साबू खान प्रमोद शुक्ला आदि रहा

## प्रदेश से राज्यसभा के लिए तीन उमीदवारों के नामांकन -पत्र वैध

**भोपाल।** प्रदेश से राज्यसभा के लिए रिक्त होने वाले तीन स्थानों की पूर्ति हेतु द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए नामजदगी के अंतिम दिन 31 मई तक भारतीय जनता पार्टी के दो, इंडियन नेशनल कांग्रेस के एक उम्मीदवार के नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। दिनांक 1 जून को अपराह्न 2 से प्राप्त नामांकन प्रपत्रों की संवीक्षा राज्य सभा निर्वाचन, के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अवधेश प्रताप सिंह के कार्यालय में प्रारंभ हुई। जांच के दौरान भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती कविता पाटीदार एवं श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार विवेक कृष्ण तन्खा के नामांकन पत्र विधि मान्य पाए गए तथा उन्हें स्वीकार किया गया। राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन की अधिसूचना अनुसार अभ्यर्थिता से नाम वापसी दिनांक 3 जून, को अपराह्न 3बजे तक हो सकेगी।

## भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन मप्र शूटिंग अकादमी में स्थापित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन की स्थापना की गई। इस मशीन से इस्तेमाल किये गये कारतूस के शेल को नष्ट किया जाता है। इसके उपयोग से इस्तेमाल किए गए बुलेट को दोबारा उपयोग में नहीं लाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से कारतूस का दुरूपयोग नहीं होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में शूटिंग की शॉटगन, पिस्टल और रायफल विधाओं में लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक मनशेर सिंह, जसपाल राणा तथा सुश्री सुमा शिरूर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के लिए न्यूट्रीशियन, सायकोलॉजिस्ट, स्पोटर्स साइंस डॉक्टर, स्ट्रेन्थ एण्ड कंडीशनिंग प्रशिक्षक भी उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 50 मीटर फायनल शूटिंग रेंज का कार्य प्रगति पर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए पृथक से फायनल शूटिंग रेंज की आवश्यकता होती है।

### जांच में पूर्व कुलसचिव दोषी, होगी कार्रवाई

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में महाघोटाला

## भवन निर्माण व खरीदी में नियम विरुद्ध किया था 170 करोड़ का भुगतान

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए महाघोटाले की पोल खुल गई है। विश्वविद्यालय में 170 करोड़ के घोटाले की जांच के लिए गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व कुलसचिव को दोषी बताया है। अब कुशवाहा के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी हो रही है। गौरतलब है की आरजीपीवी में भवन निर्माण कार्य 2008 में शुरू हुआ, जो 2022 तक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसके चलते कई शिकायतें निर्माण संबंधी कार्यों और पूर्व कुलसचिव के संबंध में राज्यपाल से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक की जा चुकी हैं।

नतीजा यह निकला कि सभी शिकायतों को लेकर जांच के लिए दल बैठाया गया। जिसमें आरजीपीवी के पूर्व कुलसचिव एसएस कुशवाहा भवन निर्माण व खरीदी में 170 करोड़ रुपये के नियम विरुद्ध भुगतान के मामले में दोषी पाए गए हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को तीन दिन में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार शासन ने अनियमितताओं की विभिन्न शिकायतों को लेकर तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर संचालक राकेश खरे और शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राध्यापक एके जैन की जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने तमाम बिंदुओं पर जांच कर पांच मार्च 2022 को करीब 350 पेज की रिपोर्ट विभाग को सौंपी थी। रिपोर्ट में कुलसचिव कुशवाहा पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। जिसके आधार पर तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। इसके बाद सोमवार को हुई विभागीय बैठक में वि प्रबंधन को कार्रवाई के लिए कहा गया है।

### कई गड़बड़ियां आई सामने

दरअसल, जांच रिपोर्ट के अनुसार भवन निर्माण, अवैध नियुक्ति, नियम विरूद्ध भवन मरम्मत और खरीदी के मामले सहित 170 करोड़ रूपए का नियम विरूद्ध भुगतान एसएस कुशवाहा ने कर दिया है। राजधानी परियोजना प्रशासन की तरफ से यह निर्माण किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट में रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि भी हो गई है। इस जांच रिपोर्ट में भवन निर्माण के आदेश जारी करना आश्चर्य का विषय बताया गया है। वहीं पुराने ही भवनों में लगातार पैसा जारी किया जाना नियमानुसार सहीं नहीं पाया गया। किसी भी भवन में पूर्व में प्रदाय प्राकक्लन में क्या-क्या कमियां हैं, इसको कहीं पर भी नहीं दर्शाया गया है। साथ ही किए गए कार्यों का सत्यापन भी किसके द्वारा किया गया है, यह किसी भी दस्तावेज से स्पष्ट न होना बताया गया है। कार्य ड्राइंग और डिजाइन के अनुरूप है, इसका सत्यापन भी नहीं करवाया गया है। शिकायकर्ता अंकित पचौरी ने अपनी शिकायत में इस बात का जिक्र किया है। भवन निर्माण कार्य इतना खराब हुआ है कि दीवारों व पिलर में अभी से दरारें पड़ गई है। टेंडर, डीपीआर, एस्टिमेट के बगैर ही भुगतान किया गया है।

### कुशवाहा के पास कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

आरजीपीवी प्रशासन कुशवाहा पर इस कदर मेहरबान है की उन्हें कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रखी है। जांच समिति की सिफारिश के तीन माह बाद भी प्रबंधन ने पूर्व कुलसचिव को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के समन्वयक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वित्तीय अधिकार दे रखे हैं। जिसके तहत वे निर्माण कार्यों की निविदा से लेकर भुगतान तक के सभी दायित्व निभा रहे हैं। साथ ही इसी विभाग के विभागाध्यक्ष भी हैं। कुशवाहा द्वारा संविदा शिक्षकों को 37,500 से 40 हजार रुपये का वेतनमान जनवरी 2020 में किया गया, जबकि कार्यपरिषद की बैठक में इस वेतनमान पर नियुक्ति नहीं करने का निर्णय लिया गया था। वहीं 2016 में सात लाख 56 हजार रुपये का भुगतान टेस्टिंग और कंसलटेंसी के लिए किया गया। एक साल में इतनी अधिक राशि का भुगतान नहीं किया जा सकता है। लैपटाप खरीदी में अनियमतिता की गई। खरीदी रसीद में माडल परिवर्तित हैं। निर्माण कार्यों में नियम के विपरीत भुगतान पाया गया।



## गृहमंत्री नरोत्तम ने खिलाए नड्डा को समोसे

### कार्यक्रम बदलकर अचानक गृहमंत्री के घर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष, मिश्रा ने खूब खातिरदारी की

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मध्यप्रदेश प्रवास पर हैं। बुधवार को वह दिनभर भोपाल में रहे। उनके दौरे में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वह अपना तय कार्यक्रम बदलकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के घर पहुंच गए। पहले से तय कार्यक्रम में नड्डा का गृहमंत्री निवास जाने का प्लान नहीं था, लेकिन देर रात कार्यक्रम बदला।सीएम हाउस जाने से पहले गृहमंत्री के घर हाई-टी लेने का प्रोग्राम जोड़ा गया। इसके बाद वे प्रदेश कार्यालय के बाद मिश्रा के निवास पर पहुंचे। यहां मिश्रा ने नड्डा समेत सभी दिग्गज नेताओं की खातिरदारी की। यहां नड्डा करीब आधा घंटे तक रुके। मिश्रा ने नड्डा को समोसे भी परोसे।इसके सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि इस तरह अचानक नड्डा का कार्यक्रम बदलना गृहमंत्री की संगठन में तगड़ी पैठ को जाहिर करता है। उन्होंने साबित कर दिया कि दिल्ली में उनकी पकड़ कमजोर नहीं है। गृहमंत्री ने खूब खातिरदारी कर नड्डा का दिल तो जीत ही लिया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जन्मोत्सव पर पर विशाल शोभायात्रा

**भोपाल।** गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्म उत्सव पर विशाल शोभायात्रा सांची दूध डेयरी,23 से प्रारंभ कर महाराणा प्रताप नगर प्रतिमा तक माल्यार्पण कर समापन किया गया , प्रदेश अध्यक्ष दीप सिंह सोनगरा के नेतृत्व में शोभा यात्रा का कार्यक्रम रखा गया, जिला अध्यक्ष संजय सिंह बैस द्वारा सभी राजपूत सरदारों का स्वागत किया गया एवं धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई ,बही राजेश्वर सिंह, प्रताप सिंह ,बहादुर सिंह तोमर ध्वज दिखाकर शोभा यात्रा प्रारंभ की साथ ही संजय सिंह बैस जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ओपी बाघेला ने शोभा यात्रा में पधारे संगठनों के पदाधिकारी एवं मित्रगण राजपूत सरदार सभी का आभार प्रकट किया



गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया मार्ल्यापण भोपाल में महाराणा प्रताप नगर में गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता के जयकारों के साथ, महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दीपक सिंह ठाकुर, प्रकाश राजपूत, अचल राजपूत, ललिता मेवाड़ा, ओपी बाघेलासमाज के अध्यक्ष प्रमोद सिंह मेवाड़ा, दीपक राजपूत, प्रहलाद, राकेश डोडिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

# अब प्रदेश में पैर पसारने लगा स्वाइन फ्लू

### इंदौर में तीन मरीज पॉजिटिव मिले, स्वास्थ्य विभाग की टेंशन बढ़ी

भोपाल। कोरोना के बाद मंकीपॉक्स को लेकर दुनियां भर में दहशत का माहौल है। कोरोना संकट के पहले सबसे ज्यादा आतंक मचाने वाले स्वाइन फ्लू वायरस ने एमपी में दस्तक दी है। इंदौर में 83 साल और 62 साल के दो पुरूष और 58 साल की एक महिला स्वाइन फ्लू पॉजिटिव मिली है। खास बात ये है कि इनमें सिर्फ एक मरीज की ही ट्रेवल हिस्ट्री है। 62 वर्षीय बुजुर्ग गुजरात से उज्जैन होते हुए इंदौर पहुंचे थे। 62 वर्षीय इस बुजुर्ग को हाई ग्रेड फीवर, खांसी और सांस फूलने की शिकायत के चलते इन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। मरीज अभी हॉस्पिटल में भर्ती है।



### कराई जांच तो मिले स्वाइन फ्लू पॉजिटिव

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 83 साल के बुजुर्ग की बेटी को उज्जैन की यात्रा के बाद स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखे लेकिन उसका टेस्ट नहीं हुआ इसके बाद परिवार के दो और सदस्यों में भी स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण आए लेकिन किसी का भी टेस्ट नहीं हुआ। जब बुजुर्ग की तबियत बिगड़ी और उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया तब जांच में स्वाइन फ्लू पॉजिटिव आया। तीनों के सैंपल की जांच इंदौर के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब में कराई गई है। इंदौर के सीएमएचओ डॉ. बीएस सेत्या ने बताया कि तीन मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। मरीजों के आसपास के इलाकों का सर्वे करा लिया है। अभी तक किसी अन्य मरीज में लक्षण नहीं मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें निगरानी कर रहे हैं।

### कोरोना संकट के बाद कम हुए स्वाइन फ्लू के केस

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना संकट के पहले स्वाइन फ्लू के मरीज ज्यादा मिलते थे। लेकिन कोरोना संकट के बाद लगातार स्वाइन फ्लू के केस कम हो रहे हैं। साल 2019 में प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 720 पॉजिटिव मिले थे और 165 मरीजों की मौतें हुई थीं। लेकिन साल 2020 में एमपी में जैसे ही कोरोना वायरस सक्रिय हुआ स्वाइन फ्लू के मामले 98 प्रतिशत कम हो गए थे। इस साल यह स्वाइन फ्लू के पहले मामले हैं।

# तीसरी मंजिल से कूदा चोर, नीचे पुलिस और लोगों ने किया कैच

**इंदौर।** कहते हैं कि जाको राखे साइयां मार सके न कोय, यही कहावत मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में सच साबित हो गई है. दरअसल एक चोर ने पुलिस से बचने के लिए एक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी, लेकिन पुलिस कि सूझबूझ से उस युवक की जान बच गई।

इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक सुसाइड करने के इरादे से दो मंजिल मकान की छत पर पहुंच गया. युवक नीचे कूदने की कोशिश करने लगा. इसी दौरान लोगों ने उसे कूदने की कोशिश करते हुए देख लिया।

लोग उसे नीचे कूदने से मना करने लगे. इसी दौरान लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी. मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक की जान बचा।



इससे गंभीर हादसा होते-होते बच गया. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. मानसिक रूप से बीमार होने के कारण उसने यह कदम उठाया था। दरअसल सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी उसे बातों में उलझाए रखा।

इसी दौरान कुछ लोग ऊपर छत पर पहुंच गए. युवक ने उन लोगों को छत पर देखते ही छलांग लगा दी. हालांकि नीचे पुलिसकर्मियों ने बेडशीट खोलकर उसे जमीन पर गिरने से बचा लिया।

## अजय सिंह लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, चुरहट से दावेदारी

**भोपाल।** कांग्रेस नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने 2023 के चुनाव के लिए फिर ताल ठोक दी है. अजय सिंह ने बयान जारी कर कहा मैं अगला चुनाव जोर-शोर से लडूंगा और जीतूंगा भी. विंध्य में राजनीतिक फिजां बदल चुकी है और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अभूतपूर्व बहुमत मिलेगा.करीब 1 महीने पहले अजय सिंह ने कहा था कि वह विधानसभा चुनाव में टिकट के दावेदार नहीं हैं और पार्टी जिसे टिकट देगी वह उसके पक्ष में प्रचार करेंगे. लेकिन अचानक अजय सिंह का मन बदल गया और अब वो अगला विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे हैं.



अजय सिंह ने कहा रैगांव उपचुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल हुई. विंध्य की जनता उपेक्षा से भरी है. घर वापसी अभियान में कई बड़े नेता और कार्यकर्ता वापसी कर चुके हैं. सभी कांग्रेस को जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं. बीजेपी नेताओं के बड़बोले पन से लोग ऊब चुके हैं. अजय सिंह ने कहा 2 पवित्र नगर मैहर और चित्रकूट को जोड़ने वाली फोरलेन को घटाकर 2 लेन करने का प्रस्ताव कर दिया है।

सिंगरौली को सिंगापुर नहीं बना पाई सरकार. मैहर को जिला बनाने की घोषणा भी सपना बनकर रह गई और यह तमाम मुद्दे बीजेपी के खिलाफ हैं. अजय सिंह ने उन अटकलों को नकारा है जिसमें कहा जा रहा था कि अजय सिंह अगला विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे. अजय सिंह ने कहा यह खबर भाजपा की

## आउटसोर्स कर्मचारी कर रहे 12 घंटे काम, वेतन मात्र 12 हजार

### ढाई लाख आउटसोर्स कर्मी करेंगे वोट मांगने वालों से सवाल

**भोपाल।** प्रदेश के लाखों की संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों से 12-12 घंटे काम लिया जा रहा हैं और वेतन आठ से 12 हजार रुपये तक ही दी जा रही है। उसमें भी कई तरह की कटौतियां कर ली जाती हैं। हाथ में 7500 से 9500 रुपये तक ही मिलते हैं। मप्र आउटसोर्स कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने तय किया है कि अब प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारी आने वाले चुनावों में वोट मांगने वालों से सवाल करेंगे।

ये पूछेंगे कि आपने हमारी मांगों को पूरा कराने में किस स्तर पर और क्या प्रयास किए हैं। प्रदेश में इनकी संख्या ढाई लाख से अधिक है। ये लगभग सभी शासकीय विभाग, बिजली कंपनियों, सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों, मंडलों व निकायों में कार्यरत हैं। इनकी सबसे अधिक संख्या तीनों बिजली वितरण कंपनियों में हैं। यही सवाल इन कर्मचारियों के स्वजन भी करेंगे।



## कांग्रेस विधायक ने आपा खोया सुपरवाइजर को जूते से पीटा

**झाबुआ।** जिले के थांदला से कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में विधायक जूते से सुपरवाइजर को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो करीब 5 दिन पहले का बताया जा रहा है। विधायक नल जल योजना में बन रही टंकी के कार्य का निरीक्षण करने गए थे, इस दौरान वह टंकी बनाने में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता देखकर भड़क उठे और गुस्से में सबके सामने सुपरवाइजर को जूते से पीटने लगे। वीडियो गांव कचलदरा का बताया जा रहा है। वहीं, इस मामले पर सुपरवाइजर ने कुछ भी कहने से इनकार किया है। झाबुआ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुछ कहने से मना कर रहे हैं, उनका कहना है कि विधायक से बात करने के बाद ही कुछ कह सकेंगे। वीडियो वायरल होने के बाद घटना सामने आई। विधायक को बुधवार को जिला मुख्यालय में पंचायत चुनाव के लिए आयोजित कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में शामिल होना था, लेकिन विधायक

### भोपाल में टारगेट 30 लाख था, खरीद सके 23.46 लाख क्विंटल

# भोपाल में कम तो विदिशा-सीहोर में सबसे ज्यादा गेहूं खरीदी

**भोपाल।** इस बार भोपाल गेहूं खरीदी के टारगेट से पीछे रह गया। करीब 22 प्रदेशत गेहूं की कम खरीदी हुई है। टारगेट 30 लाख क्विंटल था, जबकि सरकार 23.46 लाख क्विंटल ही खरीद पाई। हालांकि, पड़ौसी जिले विदिशा और सीहोर में बंपर खरीदी की गई। यही वजह है कि गेहूं खरीदी के मामले में भोपाल संभाग प्रदेशभर में अव्वल रहा। गेहूं खरीदी करीब दो महीने चली। कम खरीदी होने से सरकार ने 15 दिन के लिए डेट भी आगे बढ़ाई। बावजूद प्रदेश के कुछ जिलों में टारगेट के मुताबिक गेहूं नहीं खरीदा जा सका। भोपाल, राजगढ़ समेत कई जिले इनमें शामिल हैं। गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस विवाद के बाद खुले बाजार में गेहूं की डिमांड बढ़ गई। बड़ी एक्सपोर्टर कंपनियां मंडियों से सीधे गेहूं खरीदने लगी। इस कारण अच्छी क्वॉलिटी के गेहूं के भाव 2500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गए।



### कम खरीदी से सरकार को फायदा

प्रदेश में गेहूं की खरीदी कम होने से सरकार को फायदा मिला। मप्र सरकार को आरबीआई से गेहूं खरीद के लिए 25 हजार करोड़ रुपए की कैश क्रेडिट लिमिट मिली थी। खरीद कम होने से सरकार को 8.8 हजार करोड़ रुपए का ही कर्ज लेना पड़ा। इससे सरकार पर सालाना 1215 करोड़ रुपए का ब्याज का भार नहीं आएगा। पिछले साल से 64 प्रतिशत खरीद कम होने से खाद्य विभाग को हर माह 75 करोड़ रुपए का किराया प्राइवेट वेयरहाउस को नहीं देना पड़ेगा। सालाना

### अब मंडियों में बढ़ेगी आवक

सरकारी खरीदी बंद होने के बाद जिन किसानों ने गेहूं सहेजकर रखा है, वे मंडियों में बेचने जाएंगे। ऐसे में मंडी में आवक बढ़ सकती है। हालांकि, अधिकांश किसान अपना गेहूं पहले ही बेच चुके हैं।

## एक जून तक 5536 नामांकन हुए जमा

**भोपाल।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत एक जून तक 5536 नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त हुए। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू हुई है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 114, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 412, सरपंच के लिए 3073 और पंच पद के लिए 1937 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये गए हैं।

जिला पंचायत सदस्य के लिए जिला भोपाल में 7, भिण्ड में 6, ग्वालियर में 10, शिवपुरी में 11, गुना में 3, सागर में 2, टीकमगढ़ में 8, छतरपुर में 4, दमोह में 4, पन्ना में 4, रीवा में 4, सीधी में 1, सिंगरौली में 6, अनूपपुर में 2, कटनी में 1, जबलपुर में 2, नरसिंहपुर में 1, छिन्दवाड़ा में 3, बैतूल में 2, नर्मदापुरम में 1, रायसेन में 1, विदिशा में 2, सीहोर में 1, राजगढ़ में 1, आगर में 3, शाजापुर में 3, देवास में 2, खंडवा में 1, खरगोन में 2, बड़वानी में 1, झाबुआ में 3, धार में 1, उज्जैन में 3, रतलाम में 1, मंदसौर में 4, नीमच में 1 और निवाड़ी में 1 अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किया है। त्रि-पंचायत निर्वाचन के लिये आगामी 6 जून तक नाम निर्देशन-पत्र लिए जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 7 जून को होगी।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 :

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समझाई गई आचार संहिता

## जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

## निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं

ग्वालियर। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई आदर्श आचरण संहिता के बारे में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मंगलवार को भी स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे आदर्श आचरण संहिता का स्वयं पालन करें और अपने प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं से भी कराएं, जिससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से नगरीय निकायों के चुनाव सम्पन्न हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि आदेशों की अवहेलना एवं आचार संहिता के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

गुरूवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित ग?पाले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री विनोद भार्गव, जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिये नियुक्त सभी रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सर्वश्री आनंद शर्मा, सतेन्द्र धाक?, कौशल शर्मा, देशराज भार्गव व चैनसिंह राजपूत सहित स्टेंडिंग कमेटी के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।



### निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 11 जून को, इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र भरे जा सकेंगे

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनोद भार्गव ने बैठक में जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नगरीय निकाय उप निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 11 जून 2022 को प्रातः 10.30 बजे संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जायेगा। इसी के साथ नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का सिलसिला भी शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 18 जून को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जा सकेंगे। नामांकन की संवीक्षा (जाँच) 20 जून को होगी। अभ्यर्थिता से अर्थात नाम वापसी की आखिरी तारीख 22 जून निर्धारित की गई है। इसी दिन निर्वाचन ल?ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर चुनाव चिन्ह (निर्वाचन प्रतीक) का आवंटन होगा। यदि आवश्यक हुआ तो प्रथम चरण में 6 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना व निर्वाचन परिणामों की घोषणा 17 जुलाई को होगी। इस दिन प्रातः 9 बजे से मतगणना शुरू होगी।

### निक्षेप राशि सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई

स्टेंडिंग कमेटी के सदस्यों को यह भी जानकारी दी गई कि नामांकन पत्र दाखिल किए जाने की अंतिम तिथि को अपरान्ह 3 बजे से पहले शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह नामांकन पत्रों की जांच से पूर्व जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। नगर पालिका निगम ग्वालियर के अंतर्गत महापौर पद का नामांकन भरने के लिए 20 हजार रूपए और पार्षद पद के लिये 5 हजार रूपए निक्षेप राशि निर्धारित है। नगर पालिका डबरा में पार्षद पद के लिये 3 हजार और जिले के शेष नगरीय निकायों में एक ङ्क एक हजार रूपए की निक्षेप राशि नामांकन पत्र भरने के लिये जमा करनी होगी। बैठक में इसके अलावा नगरीय निकाय आम निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### यह है चुनावी खर्च की सीमा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निगम ग्वालियर में महापौर पद के लिये निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 35 लाख रूपए निर्धारित की गई है। साथ ही पार्षद पद के लिये यह सीमा 8 लाख 75 हजार रूपए रहेगी। नगर पालिका परिषद डबरा में पार्षद के लिए निर्वाचन खर्च की सीमा ?ाई लाख रूपए निर्धारित है। जिले के शेष नगरीय निकायों में पार्षद पद के लिए 75 हजार रूपए की चुनावी खर्च सीमा निर्धारित है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



ग्वालियर। आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की जिला मंत्री कृष्ण कांत (कृष्णा) शर्मा जी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदरणीय भाई साहब कमल मखीजानी जी का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाया इस मौके पर भाजपा जिले के महामंत्री आदरणीय हरीश मेवाफरोस जी हेमू कालानी मंडल के अध्यक्ष भाजपा सतीश साहू जी महामंत्री कुलदीप जी उपाध्यक्ष दीदी रश्मि पाराशर जी उपाध्यक्ष बालचंद्र विश्वकर्मा जी हेमू कालानी मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश शर्मा जी अर्जुन कुशवाहा जी एवं सभी साथी गण जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खुले में कचरा फेंकने वाले आउटसोर्स सफाई श्रमिक की सेवायें आउटसोर्स एजेंसी को वापस

ग्वालियर। खुले में कचरा फेंकने वाले आउटसोर्स सफाई श्रमिक श्री संजय पुत्र श्री सुरेश की सेवाएं आउटसोर्स एजेंसी को वापस की गईं। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिर चाहे वह निगम का कर्मचारी ही क्यों न हो। विगत दिवस व्हाट्सएप पर वीडियो से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड 60 में कार्यरत आउट सोर्स सफाई श्रमिक द्वारा सारिका नगर में हाथ ठेले के डिब्बे से कचरा खुले में फेंका जा रहा था। जिसके बाद सफाई कर्मचारी की सेवाएं एजेंसी को वापस करने की कार्यवाही की गई।

### निर्वाचन-2022 : पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिये सभी तैयारियाँ समय रहते पूर्ण करें

**संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा हो गई है। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का क?ाई से पालन सुनिश्चित हो। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने गुरूवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में निर्वाचन के लिये की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन की प्रक्रिया साथ-साथ चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से जो भी इंतजामात हैं वह समय रहते पूर्ण कर लिए जाएं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान के दिन सभी मतदान दलों को शुद्ध पेयजल के साथ-साथ ग्लूकोज का पाउडर भी उपलब्ध हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि दोनों ही निर्वाचनों के लिये मतदान केन्द्रों की व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली जाए। राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी करें और जो भी व्यवस्थाएं की जाना हैं उसे समय-सीमा में पूर्ण कराएं। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों से आग्रह किया है कि मतदान दलों को सामग्री वितरण स्थल पर भी पेयजल की उपलब्धता एवं उनके लिये बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। परिवहन के लिये जो भी वाहनों की आवश्यकता है उसका प्लान भी समय रहते तैयार हो और उसका पालन सुनिश्चित हो। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन जिलों से अन्य राज्यों की सीमाएं लगती हैं वहाँ पर दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक भी आयोजित की जाए।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट निषेध

ग्वालियर। मत्स्य प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक प्रदेश में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। मछली पालन विभाग ने आदेश जारी कर सभी नदियों और जलाशयों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लागू किया गया है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत, जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जो निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं उन पर यह नियम लागू नहीं होंगे।

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ग्वालियर पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

## ग्वालियर पुलिस ने महिला व पुरूष तस्कर के पास से 27 किलो 800 ग्राम गांजा कीमती 02 लाख 70 हजार रूपये का किया बरामद



ग्वालियर। दिनांक 02.06.2022 - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 01.06.2022 की रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि महिला व पुरूष गांजा तस्कर ट्रेन से उतरकर बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये वीडियो कोच बस स्टेण्ड झांसीरोड के गेट नं. 2 के पास बैठे हैं। सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे* से समन्वय स्थापित करते हुए थाना झांसीरोड पुलिस की टीम को सूचना की तस्दीक कर गांजा तस्करों को पक?ने हेतु निर्देश किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार *सीएसपी विश्वविद्यालय श्री रत्नेश तोमर* के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड निरीक्षक संजीव नयन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर के बताये गये स्थान झांसीरोड स्थित वीडियो कोच बस स्टेण्ड पर सूचना की तस्दीक हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को वीडियो कोच बस स्टेण्ड के गेट नं. 2 के पास एक पुरूष व एक महिला बैग लिये हुए बैठे दिखे। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर संदिग्ध महिला व पुरूष द्वारा भागने का प्रयास किया गया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्धों को घेराबंदी कर धरदबोच लिया गया, पूछताछ करने पर उन्होने अपने आप को रमनगुढ़ा, गुनपुर टाउन जिला रायगढ़ा (उड़ीसा) का रहने वाला बताया। उक्त पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति के पास मिले तीनों बैगों की तलाशी लेने पर दो बैग में गांजा भरा मिला, महिला के बैग की तलाशी लेने पर उसके पास मिले तीन बैगों में से एक बैग में गांजा भरा हुआ मिला, तौल करने पर महिला व पुरूष के पास से मिले तीनों बैग में कुल 27 किलो 800 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख 70 हजार रूपये का आरोपियों के कब्जे से विधिवत जप्त किया गया। थाना झांसीरोड में पक? गये दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्व कर विवचेना में लिया गया है। पक? गये दोनों गांजा तस्करों ने पुलिस टीम को पूछताछ में बताया कि वह उ?ीसा से ग्वालियर गांजा लाये थे रेल्वे स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ पुलिस के द्वारा पक? जाने के डर से वह वीडियों कोच बस स्टेण्ड पर आ गये थे और गांजा बैचने के लिये स्थानीय खरीददार की तलाश कर रहे थे तभी पुलिस द्वारा उन्हे मय गांजे के पक? लिया गया। ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

जप्त मशरूकाः कुल 27 किलो 800 ग्राम गांजा कीमती लगभग 02 लाख 70 हजार रूपये।

सराहनीय भूमिकाः उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी झांसीरोड निरीक्षक संजीव नयन शर्मा, सउनि राजकुमार शर्मा, रामभुवन सिंह, पूरन सिंह कुशवाह, प्र.आर. नीलेश भदौरिया, हरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सखवार, आर. संदीप सेन, रामकेश गुर्जर, म.आर. रेनू जाट, आरपीएफ ग्वालियर टीम- उनि रविन्द्र सिंह राजावत, प्र.आर. दीपेन्द्र सिंह भदौरिया, अनिल कुमार सिंह, आर. दीपक कुमार, राजकुमार सिंह तोमर, शकील खांन, भानचन्द्र अनुरागी की सराहनीय भूमिका रही।

# निगमायुक्त श्री कन्याल ने निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था एवं चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा स्वच्छता व शहर में चल रहे निर्माण से जुडे कार्यों का सुबह क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां गंदगी पाई गई वहां स्वयं खडे होकर सफाई कराई तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को शीघ्र व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।



निगमायुक्त श्री कन्याल ने सुबह दीनदयाल नगर चौराहे पर लगे फल और सब्जी के ठेले वालो को डस्टबिन रखने और गंदगी न करने पर समझाइश दी गई, और गंदगी करने पर खुद ठेले वालो से गंदगी साफ करवाई गई तथा निर्देशित किया कि सभी ठेले वाले दो-दो डस्टबिन रखें, जिसमें गीला व सूखा कचरा अलग अलग डालें तथा अपने ग्राहकों को भी सूखे व गीले कचरे बारे में समझायें। साथ ही दीनदयाल नगर स्थित मिनी तरण पुष्कर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं कोचाक चौबंद करने के लिये आवशयक दिशा निर्देश दिये।

इसके साथ ही किला गेट से लेकर सेवानगर पर बन रही स?क निर्माण को पैदल घूमकर देखा तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में जहां भी निर्माण कार्य किये जा रहा हैं। वहां स्वयं खडे होकर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के साथ ही कार्य की गुणवत्ता देखें।

किलागेट क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक बुजुर्ग महिला ने रोक कर निगमायुक्त श्री कन्याल को अपनी समस्या बताई तो निगमायुक्त श्री कन्याल ने बुजुर्ग महिला का हाथ थाम कर भरोसा दिलाया कि आपकी जो भी समस्यायें उनका आज ही निदान किया जाएगा।

साथ ही वार्ड 18,20 एवं 21 में निगमायुक्त श्री कन्याल के निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने पर संबंधित वार्ड हेल्थ ऑफिसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# कांग्रेस पदाधिकारियों को एक-एक वार्ड की दी जबावदारी

## कांग्रेस के महापौर और वार्ड प्रत्याशी को जिताने की करें तैयारी : डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर । शहर जिला कांग्रेस कमेटी की प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा द्वारा 15 ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के 21 वार्ड, 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के 19 वार्ड एवं 17 ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के 20 वार्डो सहित ग्रामीण क्षेत्र 6 वार्डो में कांग्रेस प्रबंध कार्यकारिणी के 336 पदाधिकारियों को एक-एक वार्ड की जबावदारी देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने वार्ड में पहुचंकर 6 जुलाई को सम्पन्न होने वाले निगम चुनाव में कांग्रेस महापौर प्रत्याशी, कांग्रेस वार्ड प्रत्याशी की विजयश्री के लिए संबधित वार्ड के ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनो को साथ लेकर नगर निगम से भाजपा हटाओ, कांग्रेस के महापौर और वार्ड प्रत्याशी को जिताएं, कांग्रेस की निगम परिषद बनाओ अभियान चलाया जाए, और अपने वार्ड की रिपोर्ट शहर जिला कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के संबंध में सभी तैयारियाँ समय-सीमा में करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह ने आयोग में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने मत पेटी, ईव्हीएम, मतदान सामग्री, मतदान दल के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने मतदान के दिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के बारे में सभी संभागों के कमिश्नर और आईजी से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा करने की बात कही। श्री सिंह ने मानदेय और अन्य सामग्रियों के लिए जिलों को जरूरत अनुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह, ओ.एस.डी. श्री दुर्ग विजय सिंह, उप सचिव श्री अरूण परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्वालियर महानगर के मंडल प्रभारी घोषित

ग्वालियर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री एवं मप्र पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी श्री रणवीर रावत के निर्देशानुसार एवं ग्वालियर महानगर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी की अनुशंसा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्वालियर महानगर के जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने ग्वालियर महानगर के प्रत्येक मंडल के प्रभारी की घोषणा की है निम्नानुसार है- पं.दीनदयाल मंडल में प्रभारी सतीश कुशवाह, स्वामी विवेकानंद मंडल में प्रभारी कमल रजक, हेमू कलानी मंडल में प्रभारी नारायण प्रजापति, रानी लक्ष्मीबाई मंडल में प्रभारी धर्मवीर राठौर, वीर सावरकर मंडल में प्रभारी बचोला गुर्जर, स्वामी रामकृष्ण मंडल में प्रभारी राजू गुर्जर, वीर दुर्गादास मंडल में प्रभारी रविंद्र यादव, कोटेश्वर मंडल में प्रभारी दिनेश रावत तथा शहीद भगत सिंह मंडल में प्रभारी ब्रिजेश गौड़ शामिल है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478